राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 83 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



HAPPY HOLI

फास्ट न्यूज

## गंभीर सूखे के बीच कर्नाटक सरकार ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पानी की कमी से जूझ रहे राज्य के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार से धन जारी करने की मांग की है। इसी को देखते हुए केंद्र से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष जारी करवाने के लिए सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में वित्तीय सहायता जारी नहीं करने की केंद्र की कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत राज्य के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

**गंभीर सूखे से गुजर रहा राज्य:** याचिका में कहा गया है कि राज्य गंभीर सूखे से जूझ रहा है, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। लगभग 226 तालुकों में से कुल 223 को सूखा प्रभावित घोषित कर दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि 196 तालुकों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। एनडीआरएफ के तहत भारत सरकार से मांगी गई सहायता 18,171.44 करोड़ रुपये है।

**वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बाध्य नही केंद्र सरकार:** वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत और राज्य के महाधिवक्ता के शशि किरण शेट्टी द्वारा निपटाई गई याचिका में कहा गया है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के संदर्भ में, भारत संघ राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता

# केजरीवाल की गिरफ्तारी, विपक्ष एकजुट

### लोकसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज, केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रामलीला मैदान में रैली करेगा

लामबंद

8 आईएनडीआईए केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को रामलीला मैदान में महारैली आयोजित करेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: विपक्षी दलों के गठबंधन** आईएनडीआईए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ अगले रविवार (31 मार्च) को रामलीला मैदान में महारैली आयोजित करेगा। आम आदमी पार्टी और दिल्ली कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने गठबंधन के अन्य घटकदलों के नेताओं के साथ रविवार को दिल्ली में पत्रकार वार्ता के दौरान इसकी घोषणा की। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच एजेंसी का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को डराने के लिए कर रही है। उन पर फर्जी मामले बनाकर उन्हें फंसा रही है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेता तेजस्वी यादव को भी केंद्र की एजेंसियां परेशान कर रही हैं। राय ने कहा कि हम इस संबंध में संबंधित विभागों से अनुमति मांग रहे हैं। अगर हमें रैली की अनुमति नहीं दी गई तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी होगा। उन्होंने दावा किया कि इस रैली में पूरी दिल्ली इकट्ठी होगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। एक मुख्यमंत्री को पहली बार गिरफ्तार किया गया है।

कांग्रेस के खाते सील किए गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार रात को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही विपक्षी नेता एकजुट होकर सरकार को इस मुद्दे पर घर रहे हैं।

### भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं केजरीवाल: सचदेवा

**दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'आज हमने भ्रष्टाचार की होलिका का दहन किया है। दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम हो रहे हैं। दिल्ली में अगर कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार का प्रतीक है तो वह अरविंद केजरीवाल हैं, अरविंद केजरीवाल मुक्त शासन, भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिल्ली को मिले इसके लिए दिल्ली का हर व्यक्ति संकल्पबद्ध है।'

### ईडी की हिरासत में एक स्क्रिप्ट रचा गया: मनोज तिवारी

**भाजपा** सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'ईडी की हिरासत में एक मुजरिम आज एक स्क्रिप्ट रचा गया कि दिल्ली में पानी और सीवर व्यवस्थित नहीं है। यह तब हुआ जब उनकी गिरफ्तारी पर दिल्ली का कोई भी व्यक्ति न ही उनके समर्थन में आया और न दुख जताया। बहुत देर हो चुकी है अरविंद केजरीवाल, जब आप एक मुजरिम की तरह जेल गए तो एक स्क्रिप्ट निकल कर आ रही है लेकिन दिल्ली इसे सुनने वाली नहीं है।' बॉक्स

## चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट के नाम को हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश भारत बनाथा। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ने दुनियाभर के देशों की स्पेस एजेंसियों को हैरान कर दिया था। सफलता के बाद 26 अगस्त, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 के लैंडिंग साइट को 'शिव शक्ति पॉइंट' कहा था। इस बीच, 19 मार्च को इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (आईएयू) ने इस नाम को मंजूरी दे दी है। इस सफलता के तीन दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क में वैज्ञानिकों से मुलाकात की थी।

**14 जुलाई को लॉन्च किया गया था चंद्रयान-3:** चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया गया था। इसे एलवीएम3-एम4 रॉकेट से आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया था। विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर कदम रखा था। इसकी कुल लागत 615 करोड़ रुपये है। इसरो इससे पहले भी चंद्रमा पर उतरने का प्रयास कर चुका है। इसके लिए उसने चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 को चंद्रमा की ओर भेजा था।



शिव शक्ति पॉइंट

8 चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया गया था। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया था

## लेह में तैनात जवानों को रंग-गुलाल लगाकर रक्षा मंत्री ने मनाई होली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को चीन की सीमा पर लेह (लद्दाख) में सशस्त्र बल के जवानों के साथ होली मनाई। रक्षा मंत्री ने जवानों को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें होली की बधाई दी। पहले उन्हें सियाचिन में सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए जाना था लेकिन आज सुबह विपरीत मौसम के चलते अचानक उनका कार्यक्रम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे देवी-देवता किसी न किसी तरीके से हमारी रक्षा ही करते हैं। उसी तरह दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हुए सभी सैनिक भी हमारे लिए किसी रक्षक देवता से कम नहीं हैं। रक्षा मंत्री दीपावली और होली का त्योहार देश की किसी न किसी सीमा पर जाकर सैनिकों के साथ मनाते हैं। उन्होंने पिछले साल 06 मार्च को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस 'विक्रांत' पर तैनात नौसैनिकों को गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं थीं। इस बार उन्हें दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात जवानों के साथ होली मनाने के लिए जाना था लेकिन विपरीत मौसम के चलते राजनाथ सिंह उत्तरी सीमा पर लेह (लद्दाख) में सशस्त्र बल के जवानों के साथ होली मनाने के लिए पहुंचे।



होली जवानों संग


8 दुश्मनों से रक्षा करते हुए सभी सैनिक हमारे लिए किसी रक्षक देवता से कम नहीं: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह


## बसपा ने जारी की 16 उम्मीदवारों की लिस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: बहुजन** समाजवादी पार्टी ने रविवार को 16 उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया है। इस लिस्ट में बसपा ने सात मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट दिया है। इसमें सहारनपुर सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के इमरान मसूद के सामने माजिद अली को उतारा गया है। कैराना लोकसभा सीट इकरा हसन के सामने श्रीपाल सिंह होंगे। मुजफ्फरनगर सीट से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेन्द्र सिंह मैदान में होंगे। नगीना से सुरेन्द्र पाल सिंह को बसपा से टिकट मिला है। मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी को प्रत्याशी बनाया है। रामपुर सीट से जीशान खान चुनाव लड़ेंगे। सम्भल लोकसभा सीट से शौलत अली को उतारा है। यह शफीकुर्रहमान बर्क के के उत्तराधिकारी जियाउर्रहमान को टक्कर देंगे। अमरोहा लोकसभा सीट से बसपा ने मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया है। इनका मुकाबला भाजपा के कंवर सिंह तवर और सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से होगा। ईडी कस्टडी के दौरान मालूम हुआ कि अनेक इलाकों में पानी व सीवर समस्या उत्पन्न हो गई है।





# ऋतुओं पर आधारित होली का त्योहार समृद्धि का प्रतीक है: त्रिवेंद्र सिंह रावत

**होली मिलन**

8 बद्री-केदार सहयोग समिति की ओर से बालावाला में होली मिलन कार्यक्रम हुआ।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बद्री-केदार सहयोग समिति की ओर से बालावाला में होली मिलन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि होली का हमारा त्योहार ऋतुओं पर आधारित होता है। फागुन में यह फाग का त्योहार समृद्धि का प्रतीक है।



वसुंधरा गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी कार्यकताओं से एकजुटता के साथ चुनाव की तैयारी में जुटने को कहा।

उन्होंने कहा कि चुनाव में बालावाला क्षेत्र से भाजपा को 30 हजार की लीड मिलनी चाहिए, यह तभी संभव जब कार्यकर्ता शतप्रतिशत मतदान करवाएंगे। उन्होंने घर-घर से मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक ले लाने को कहा। कहा कि प्रधानमंत्री, मोदी के नेतृत्व में देश के साथ उत्तराखंड का भी विकास हो रहा है। उत्तराखंड आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। रेल परियोजनाओं के साथ ही चारधाम ऑलवेदर रोड बन चुकी है। उन्होंने प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

समारोह में लोक गायिका रेखा धस्माना उनियाल के सुर में होली व लोक गीतों की धूम रही। मौजूद महिलाओं ने भी होली के गीतों पर खूब नृत्य किया। उन्होंने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र पर फूल बरसाकर होली खेली।

इस मौके पर डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत, समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक राजपाल रावत, राजीव कंडारी, राजेश रावत, शिव प्रसाद ममगाईं, सरोज पंवार, सुभाष यादव, सविता पंवार, संजय सिंह चौहान, खेमराज उनियाल, रोहित पाल, प्रवीन बडोनी आदि मौजूद रहे। संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक राज पंवार ने किया।

# चुनावी खर्च के लिए पैसे नहीं: रमोला

**हमला**

8 भाजपा के इशारे पर ईडी, सीबीआई सहित कई सरकारी एजेंसियां कार्य कर रही हैं ।



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भाजपा आज भ्रष्टाचार, अत्याचार और पक्षपात का चेहरा बन चुकी है। भाजपा के इशारे पर ईडी, सीबीआई सहित कई सरकारी एजेंसियां कार्य कर रही हैं ।

कांग्रेस नेता रमोला ने रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया है कि भाजपा को 2018 और 2024 के बीच, चुनावी बांड में कुल ?16,518 करोड़ में से ?8,252 करोड़ मिले। कांग्रेस पार्टी को केवल ?1,950 करोड़ मिले, और भाजपा ने सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से कांग्रेस संगठन के खाते को फ्रीज कर दिया है। जबकि भाजपा अपनी लूट को खर्च करने के लिए स्वतंत्र है।

उन्होंने बताया कि एक माह पहले कांग्रेस पार्टी के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए थे। जिनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। किसी ने कुछ नहीं कहा। कांग्रेस 20 फीसदी लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जबकि 20 प्रतिशत भारतीय कांग्रेस को वोट करता है, और हम दो रुपए नहीं दे सकते हैं। हमारे नेता यात्रा नहीं कर सकते हैं, हम विज्ञापन नहीं दे सकते हैं। इश्यू 14 लाख का है, उन्होंने हम पर 200 करोड़ का जुमार्ना लगाया है।यह एक अत्याचार है, अदालत और चुनाव आयोग कुछ नहीं कह रहे हैं, उन सभी को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए, यह सब कांग्रेस को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह बैंक खाते फ्रीज नहीं किए गए, बल्कि भारतीय लोकतंत्र को फ्रीज किया गया है।

दूसरी ओर विपक्ष के चुने जनप्रतिनिधियों को जेल में डाल रहे हैं और जो भ्रष्टाचार का आरोपित नेता उनकी पार्टी में सम्मिलित होता है। उसे क्लीन चिट देकर ईमानदार साबित करते हैं।महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि कई पार्टियों को चुनावी बांड के माध्यम से धन प्राप्त हुआ, क्योंकि सभी दानदाताओं ने गुमनाम रूप से देना पसंद किया।

## न्यूज फ्लैश

### मुश्किल में पड़े रानीपुर विधायक आदेश चौहान, विधायक सहित 150 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मारपीट के मामले में आरोपितों को छुड़ाने ज्वालापुर कोतवाली और फिर अस्पताल में धरना देने वाले रानीपुर विधायक आदेश चौहान सहित करीब 150 लोगों आचार संहिता के उल्लंघन पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

बीते शुक्रवार मारपीट के मामले में गिरफ्तार 4 आरोपितों को छोड़ने के लिए भाजपा के रानीपुर विधायक आदेश चौहान अपने कई समर्थकों संग कोतवाली पहुंचे थे। जहां उनकी पुलिस से काफी गहमा गहमी भी हुई, लेकिन जब पुलिस आरोपितों को मेडिकल के लिए अस्पताल ले गई, तो विधायक अस्पताल पहुंचे और आचार संहिता के बीच वह अस्पताल में ही धरने पर बैठ गए।

इसके बाद मौके पर एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट सहित कई पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें काफी समझाया गया, लेकिन विधायक अपने पूरे तेवर दिखाते हुए कोतवाल को हटाने, दूसरे पक्ष पर मुकदमा दर्ज करने व आरोपितों को छोड़ने की मांग पर अड़े रहे।

बाद में उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर बामुश्किल उन्होंने धरना समाप्त किया।

पूरे प्रकरण की रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेज दी गई थी, इसके बाद आज चुनाव आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए विधायक सहित करीब डेढ़ सौ लोगों पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया।

### प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल लोकसभा का टिकट प्रकाश जोशी को मिलते ही कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा कांग्रेस उत्तराखंड के प्रभारी को भेज दिया है।

दीपक बल्यूटिया ने पत्र में लिखा है कि मैं कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के लिए विवश हूं। मैं कांग्रेस के एक वफादार सिपाही होने के नाते 35 वर्षों से लगातार जन सेवा के साथ-साथ जनता के मुद्दों को उठाता आया हूँ। मैं बेहतर तरीके से समाज की सेवा करना चाहता हूं।

मेरे प्रेरणा-स्रोत रहे उत्तराखंड के प्रिय नेता और विकास पुरुष स्व. नारायण दत्त तिवारी के आदर्शों पर चलकर उनके विकास के साथ-साथ उनकी विरासत को आगे ले जाकर समाज की सेवा करना चाहता रहा हूं, लेकिन मैं कांग्रेस में एक ऐसे विद्यार्थी की तरह महसूस करता हूं, जिसने बहुत मेहनत की पर उसे कभी भी परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया और न ही प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका दिया गया।

### मुख्यमंत्री आवास में रंगों के पर्व होली का उत्साह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अबीर-गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री आवास परिसर में रविवार को आयोजित होली मिलन कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके मुख्यमंत्री ने सभी को अबीर-गुलाल लगाते हुए रंगों के पर्व होली की बधाई और शुभकामनाएं दी।

होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान होली से संबंधित पारम्परिक गीत-श्याम मुरारी के दर्शन को जब विप्र सुदामा आए हरि, आयो वसंत बहार, शिव शंकर खेले होली, फागुन में खेला होली, शिव के मन माहि बसे काशी,आदि खड़ी होली के गीत गाते हुए ढोल-दमाऊ के बीच एक -दूसरे को बधाई दी।

इस मौके पर सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चमोली में मतदेय स्थलों की संख्या घटकर हुई 584

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिला निर्वाचन अधिकारी चमोली ने बताया कि तीनों विधान सभा क्षेत्र पहले मतदेय स्थलों की संख्या 592 थी, लेकिन नौ माइग्रेट मतदेय स्थलों के समायोजन और एक नये मतदेय स्थल बनने के बाद अब यह संख्या घटकर 584 हो गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों बदरीनाथ, थराली और कर्णप्रयाग के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित मतदेय स्थलों के भवन क्षतिग्रस्त या जीर्ण-शीर्ण होना, विद्यालयों के उच्चीकरण होने पर मतदेय स्थलों के नाम में परिवर्तन करने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त बदरीनाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अधिक ऊंचाई वाले हिमाच्छादित नौ मतदेय स्थलों माणा, नीती, गमशाली, कैलाशपुर, जेलम, कोषा, जुम्मा, द्रोणागिरी और मलारी के कुल 3821 मतदाताओं को जिले की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उनके शीतकालीन निवास स्थान के निकटतम मतदेय स्थलों पर मतदान की सुविधा के लिए 40 मतदेय स्थलों में संबद्ध करने और मतदेय स्थल संख्या-86अ राजकीय इंटर कालेज माणा घिंघराण कक्ष संख्या-2 में सहायक मतदेय स्थल बनाए जाने की स्वीकृति मिल गई है।

# स्वस्थ रहने के लिए योग अपनाएं: डॉ. अशोक कुमार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वाधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को योगाचार्यों की टीम ने योग और ध्यान के अभ्यास के साथ साथ उनके लाभ पर एक संगोष्ठी आयोजित की थी। जिसमें नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार मैन्दोला ने कहा कि हमें योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ रहें ।



योगाचार्य अमन शर्मा ने कहा कि छात्रों के लिए योग एक बहुत ही महत्वपूर्ण अभ्यास है। योग के अभ्यास से छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार मिलता है, जो उनके अध्ययन और जीवन को सहारा देता है। योग उन्हें ध्यान, अवसाद और तनाव से निकालने में मदद करता है और उनके मन को शांति और स्थिरता का अनुभव करने में सहायक होता है।

योगाचार्या वंशिका कौशिक ने छात्रों को संतुलित भोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संतुलित भोजन का मन पर प्रभाव बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। संतुलित आहार लेने से आपके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जो आपको स्थिरता और ऊर्जा प्रदान करता है। सही मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करने से मन और शरीर दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। इसके विपरीत, असंतुलित आहार से तंदुरूस्ती के बारे में कई मनोविकार और अवसाद उत्पन्न हो सकती हैं।

योगाचार्य अंशुल पंवार ने विभिन्न प्रकार के लाभप्रद आसन और व्यायाम की कक्षा से सभी छात्रों को शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्ति के साधनों का मार्गदर्शन किया ।

इसमें लगभग 120 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।

# तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मुकदमा दर्ज**

8 पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने में जुटी पुलिस ने एक आरोपित को चेकिंग के दौरान देसी तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।



जनपद की रुड़की गंगनहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान मतलबपुर तिराहे से आरोपित को एक तमंचा 315 बोर जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित का नाम व पता अनुज 22 वर्ष पुत्र बबलू निवासी बेहेड़की सैदाबाद इकबालपुर थाना झबरेड़ा जनपद हरिद्वार बताया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

## तमंचे के साथ गैंगस्टर गिरफ्तार

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
लोक सभा चुनाव के मद्देनजर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस ने गैंगस्टर को अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपित फरमान अली पुत्र नाजिम निवासी मलिक का बगीचा बनभूलपुरा को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ चोरगलिया रोड फाटक से गिरफ्तार कर लिया। इस अपराधी के विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा एफआईआर नं0-49/2024, धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया हैं।

# लोकसभा चुनाव : उत्तराखंड में कांग्रेस उम्मीदवार पांच न्याय गारंटी के साथ जनता के बीच जाएंगे

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देशभर के साथ उत्तराखंड में भी राहुल गांधी की पांच न्याय गारंटी के साथ लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार जनता के बीच चुनाव अभियान का शंखनाद करेंगे। इसके लिए पार्टी की ओर से जन-जन तक पांच न्याय गारंटी को पहुंचाने के लिए विशेष फोकस किया जा रहा है।

हालांकि प्रदेश की प्रमुख प्रतिपक्षी पार्टी कांग्रेस शुरूआती दौर में अपनी धुर विरोधी भाजपा से पिछड़ गई है। सत्ताधारी दल जहां सभी पांचों सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर पहले से ही चुनावी कार्यक्रम में बढ़त बना रखी है वहीं कांग्रेस ने शेष बचे 02 सीटों पर शनिवार को उम्मीदवार के नाम फाइनल किया। अब इसी के साथ कांग्रेस भी पांचों सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। राज्य में भाजपा-कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय दलों के बीच सीधा मुकाबला है। अब भाजपा के बाद कांग्रेस भी लोकसभा चुनाव में जीत की आस को लेकर अपने चुनाव प्रचार को गति देने को कमर कस ली है। प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम पूरी तरह चुनाव को लेकर सक्रिय है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा राज्य से बाहर रहने के बावजूद भी लगातार जूम मीटिंग ले रही हैं। वे सभी लोकसभा सीटों के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए कार्यकताओं में जोश भरने का काम कर रही हैं।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी का कहना है कि राहुल गांधी के प्रस्तावित पांचों न्याय गारंटी को लेकर सभी उम्मीदवार चुनाव मैदान में जनता के बीच जाएंगे। किसान न्याय गारंटी, श्रमिक न्याय गारंटी, नारी न्याय गारंटी, हिस्सेदारी न्याय गारंटी, युवा न्याय गारंटी, प्रमुख हैं। जन-जन तक पहुंचाने के लिए बूथ लेवल तक कार्यकताओं की सक्रियता पर बल देने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी नियुक्त लोकसभा कोआर्डिनेटर और अन्य पदाधिकारियों से सीधे तौर पर बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना है। साथ ही उनके ओर से प्रत्येक आवश्यकता को पूर्ण का आश्वासन भी दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रस्तावित पांच न्याय गारंटी जन-जन तक जनता की अदालत में पहुंचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी व संगठन के अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए न्याय गारंटी की नीतियों को जनता के बीच पहुंचाने के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस लोकसभा चुनाव में प्रदेश की तरफ से कांग्रेस पार्टी को पांचों लोकसभा सीट जीतकर विशेष उपहार के रूप में समर्पित किया जाएगा, जनता के बीच में वर्तमान केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के जनविरोधी कार्यों के कारण व्याप्त असंतोष को जनता के बीच लाने का प्रयास किया जाएगा।

# नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 11 गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान व आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत एसएसपी के निर्देश पर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 शराब तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनसे भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने खुले में शराब परोस रहे होटल और ढाबा संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की।



ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दीपक पुत्र मन्जू निवासी मोहल्ला चकलान कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 52 पव्वे देशी शराब, रोहित उर्फ बदल पुत्र कुबेर सिंह निवासी ग्राम अहिरवा थाना भोगांव जिला मैनपुरी हाल निवासी मोहल्ला मालियान कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 54 पव्वे, हरिशंकर उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय किशन लाल निवासी लाल मंदिर बस्ती जग्गु घाट कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 60, 4-सुनील कुमार पुत्र रतनलाल निवासी गणेश विहार कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 12 बोतल अंग्रेजी शराब, मनप्रीत पुत्र जगत सिंह निवासी मोहल्ला कडच्छ कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार 7 पव्वे बन्द, अरविंद कुमार पुत्र हृदय राम निवासी मोहल्ला कड़च्छ के पास से 07 पव्वे, 01अदधा, शिव प्रसाद पुत्र बच्ची राम निवासी खन्ना नगर ज्वालापुर के पास से 52 पव्वे, मोहित शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी रानी गली भूपतवाला कोतवाली नगर जनपद के पास से 12 बोतल वीयर व 12 बोतल अंग्रेजी शराब, सत्य प्रकाश पुत्र स्वर्गीय उपेंद्र सिंह निवासी राजीव नगर आर्य नगर ज्वालापुर के पास से 52 पव्वे देशी शराब, कमल सैनी पुत्र धर्मपाल सैनी निवासी गोविंदपुरी कोतवाली ज्वालापुर के पास से 60 पव्वे देशी शराब व शुभम तेशवर पुत्र योगेश तेश्वर निवासी धीरवाली गूघाल मंदिर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 52 पव्वे देशी शराब बरामद की। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# कांग्रेस ने हरिद्वार से वीरेंद्र और नैनीताल से जोशी को बनाया उम्मीदवार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने शनिवार को चौथी सूची जारी की। इस सूची में उत्तराखंड के 02 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। नैनीताल से प्रकाश जोशी और हरिद्वार से वीरेंद्र रावत को उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस ने दूसरी सूची में उत्तराखंड की कुल 5 लोकसभा सीटों में से तीन सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे थे। कांग्रेस नेतृत्व लंबे इंतजार के बाद शनिवार रात्रि उत्तराखंड के हरिद्वार लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत और नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से प्रकाश जोशी को टिकट दिया है। इसी के साथ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27 | Rajasthan | 14 | NAGAUR | Left for RLP |
| 28 | Tamil Nadu | 1 | TIRUVALLUR - SC | Sasikanth Senthil |
| 29 | Tamil Nadu | 8 | KRISHNAGIRI | R. Gopinath |
| 30 | Tamil Nadu | 23 | KARUR | Ms. S. Jothimani |
| 31 | Tamil Nadu | 26 | CUDDALORE | Dr. M.K. Vishnu Prasad |
| 32 | Tamil Nadu | 31 | SIVAGANGA | A. Karti P Chidambaram |
| 33 | Tamil Nadu | 34 | VIRUDHUNAGAR | B. Manickam Tagore |
| 34 | Tamil Nadu | 39 | KANNIYAKUMARI | Vijay Vasanth |
| 35 | Uttar Pradesh | 1 | SAHARANPUR | Imran Masood |
| 36 | Uttar Pradesh | 9 | AMROHA | Danish Ali |
| 37 | Uttar Pradesh | 19 | FATEHPUR SIKRI | Ram Nath Sikarwar |
| 38 | Uttar Pradesh | 43 | KANPUR | Alok Mishra |
| 39 | Uttar Pradesh | 46 | JHANSI | Pradeep Jain Aditya |
| 40 | Uttar Pradesh | 53 | BARABANKI - SC | Tanuj Punia |

कांग्रेस ने राज्य की सभी पांचों सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिया है।कांग्रेस ने उत्तराखंड की पांच सीटों में से तीन पर उम्मीदवारों घोषणा पहले कर दी थी। दो बार के विधायक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे गणेश गोदियाल पर कांग्रेस ने गढ़वाल सीट पर दांव लगाया है जबकि मसूरी विधानसभा सीट से 2002 व 2007 में विधायक चुने गए जोत सिंह गुनसोला को पार्टी ने टिकट दिया। आरक्षित अल्मोड़ा सीट पर इस बार भी प्रदीप टम्टा को टिकट दिया है। 2009 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर टम्टा सांसद चुने गए थे जबकि 2014 और 2019 के चुनाव में उन्हें दो बार हार मिली।

अब हरिद्वार सीट पर भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के सामने चुनावी मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत ताल ठोकेंगे। हरिद्वार लोकसभा सीट पर दो रावतों के बीच मुकाबला होगा। नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट के सामने प्रकाश जोशी होंगे।

राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पांचों लोकसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार पहले ही घोषित कर कांग्रेस पर बढ़त बना ली और चुनाव प्रचार को गति दे रही है। भाजपा के भारी भरकम संगठन के सामने कांग्रेस की आपसी गुटबाजी और कमजोर संगठन लोकसभा चुनाव में बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। हरीश रावत राज्य के कद्दावर नेताओं में शुमार हैं लेकिन पिछले कई चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में भाजपा के विजय रथ को रोकना कांग्रेस के लिए राह इतनी आसान नहीं लग रही है।

# कूड़ा बेचकर करोड़पति बनी नगर पालिका

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
सीमान्त नगर पालिका परिषद जोशीमठ बेहतर कूड़ा प्रबंधन कर कूड़ा विक्रय कर करोड़पति बन गई है।

स्वच्छ भारत मिशन"शहरी" के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत वर्ष 2011-12 से मार्च 2024 तक नगर पालिका जोशीमठ द्वारा नगरीय क्षेत्र मे डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण कर 35 प्रकार के कूड़े को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण व गुणधर्मो के आधार पर पुनर्चक्रण कर विक्रय किया जा रहा है। जोशीमठ नगर पालिका द्वारा अब तक 12लाख 78 हजार 369 किग्रा कूड़े का विक्रय कर 1 करोड़ 26 हजार 162 रुपये की आय अर्जित की है।



नगर पालिका जोशीमठ ईओ एचएस रौतेला के अनुसार जोशीमठ नगर की सफाई व कूड़ा निस्तारण मे पालिका के पर्यावरण मित्रों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी मुख्यालय में मनाई होली

**होली**

8 -नए भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए पूरी लगन से जुटे कार्यकता : मुख्यमंत्री



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय में रविवार शाम पार्टी कार्यकताओं के साथ होली मनाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नए भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए पूरी लगन से जुटने को कहा।
बलवीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी को अबीर-गुलाल लगाया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्योहार सबके लिए खुशियां लेकर आए। होली के रंगों से लोगों के जीवन में नई उर्जा, उमंग, उन्नति एवं उल्लास का संचार हो। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों से होली के दौरान नए भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए पूरी लगन एवं मेहनत से जुट जाने की बात कही।

## आईसीएआई का नारी सशक्तिकरण सेमिनार और होली मिलन समारोह आयोजित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आईसीएआई के तत्वावधान में हुए नारी सशक्तीकरण एवं होली मिलन समारोह में सीए गिरीश मोहन ने कहा कि किसी भी समाज को सभ्य समाज का दर्जा तब तक नहीं प्राप्त होता जब तक उस समाज की नारी का सशक्तिकरण न हो एवं उसे समान अधिकार न मिले।
आईसीएआई, हरिद्वार के तत्वावधान में नारी सशक्तिकरण पर एक सेमिनार एवं होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को आईसीएआई हरिद्वार ब्रांच में आयोजित किया गया` इस मौके पर रूड़की से आई सीए डा. समीक्षा जैन व हरिद्वार की सीए हिमानी जैसल ने अपने विचार रखे। मंच का सञ्चालन मोहिनी मोहन और अक्षिता बंसल ने किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर, विधायक खजान दास और अन्य लोग मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के आवास पर कुमाऊंनी होलियारों ने जमाए होली के रंग

**होली समारोह**

8 कैबिनेट मंत्री ने होली के अवसर पर अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने होली के अवसर पर अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भागीदारी कर कैबिनेट मंत्री को होली की बधाई दी।
होली मिलन समारोह में कुमाऊनी होली आकर्षण का केंद्र रही। कुमाऊनी होलियारों ने खड़ी होली के माध्यम से पारंम्परिक कुमाऊंनी होलियां गाकर प्रदेशवासियों की उन्नति, सुख व समृद्धि की कामना की। कैबिनेट मंत्री ने होलियारों के साथ फाग एवं नृत्य कर होली आयोजन का आनन्द लिया। कार्यक्रम के दौरान पारंम्परिक पोशाक में सभी होलियार, छोलिया नृतक एवं मसक बीन और ढ़ोल-दमाऊं की थापों ने होली के रंग जमाए।
कैबिनेट मंत्री ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार उमंग और आपसी सौहार्द का पर्व है। उन्होंने सभी से भाईचारे के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। साथ ही प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना भी की। उन्होंने कहा कि होलिका दहन जैसे प्रतीकों के माध्यम से सामाजिक एवं व्यक्तिगत बुराइयों को नष्ट करने तथा होली के मोहक रंगों को जीवन में उतारने का प्रयास किया जाना चाहिए।होली मिलन समारोह में मंत्री जोशी की धर्मपत्नी निर्मला जोशी, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, राजपुर विधायक खजानदास, राज्यमंत्री कैलाश पंत आदि थे।

# बिष्ट बने आम्रपाली विवि के कुलपति



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने प्रो.एनएस बिष्ट के आम्रपाली निजी विश्वविद्यालय हल्द्वानी का कुलपति बनने पर खुशी व्यक्त की है तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।
प्रो.एनएस बिष्ट के कुलपति बनने पर कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी, डॉ.विजय कुमार, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ.दीपक कुमार, डॉ.संतोष कुमार, डॉ.दीपाक्षी जोशी, डॉ.दीपिका गोस्वामी, प्रो, अनिल बिष्ट, डॉ.उमंग सैनी, डॉ.पैनी जोशी, डॉ.सीमा चौहान, डॉ.दीपिका पंत, डॉ.नागेंद्र शर्मा, डॉ.युगल जोशी व डॉ.रितेश साह इत्यादि ने खुशी व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग में लगभग 45 वर्षों तक अध्यापन किया है। वह लोक सेवा आयोग उत्तराखंड के अध्यक्ष तथा सदस्य भी रहे हैं।

## नागरिक सुरक्षा संगठन ने प्रेम और सद्भाव का दिया संदेश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नागरिक सुरक्षा संगठन के होली मिलन समारोह रविवार दोपहर ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में आयोजन किया गया। इस दौरान प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया गया। समारोह में गुलाल के साथ गानों की धूम रही। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन व ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रोफेसर कमल घनशाला और ग्राफिक एरा अस्पताल के निदेशक डॉ पुनीत त्यागी ने कार्यक्रम में गीत गाकर खूब तालियां बटोरी। होली मिलन समारोह में नागरिक सुरक्षा संगठन के उप नियंत्रण श्यामेंद्र कुमार साहू और अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# प्रेस क्लब में हुआ पत्रकारों का होली मिलन समारोह




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रेस क्लब रजि. हरिद्वार में आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।
होली मिलन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण झा, मेहताब आलम, सुदेश आर्य व पंकज कौशिक ने कविता पाठ कर सभी को होली की शुभकामनाएं दी। प्रेस क्लब अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया और महामंत्री मनोज सिंह रावत ने कहा कि होली के रंग प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। सभी मिलजुल कर होली मनाएं और एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारिता के साथ सामाजिक दायित्वों को भी बखूबी निभा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार पीएस चौहान, शिवशंकर जायसवाल व रजनीकांत शुक्ल ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली पर्व खुशीयों का पर्व है। उल्लास उमंग के साथ होली मनाएं।
इससे पूर्व प्रेस क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेस क्लब अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया, महामंत्री मनोज सिंह रावत, वरिष्ठ पत्रकार पीएस चैहान, शिवशंकर जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर लिया।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत शुक्ल ने किया।
इस दौरान प्रेस क्लब के हित में योगदान दे रहे पत्रकारों राजकुमार, राजेश शर्मा, श्रवण झा, बालकृष्ण शास्त्री, एमएस नवाज, महावीर नेगी, तनवीर अली, जगदीश देश प्रेमी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल रहे।

## न्यूज फ्लैश

### वर्तमान उच्च ब्याज दरें इसे पेंशन उत्पाद में निवेश करने का बनाती हैं सही समय

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कई बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में भारत में ब्याज दरों में मौजूदा स्तर से गिरावट आएगी। 7 प्रतिशत ग्राहकों को मौजूदा ब्याज दर पर वार्षिकी उत्पाद में अपने निवेश को लॉक-इन करने का अवसर दे रहा है। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी वार्षिकी उत्पादों में सबसे अलग है क्योंकि यह ग्राहकों को व्यवस्थित निवेश करके सेवानिवृत्ति निधि बनाने में मदद करता है। यह सेवानिवृत्ति के बाद एक निश्चित और स्थिर आय सुनिश्चित करता है, जो भारत जैसे बाजार में विशेष रूप से फायदेमंद है जहां ब्याज दरों में गिरावट की भविष्यवाणी की जाती है। इसके अतिरिक्त, इस योजना का एक संस्करण एक अनूठी सुविधा प्रदान करता है जो भुगतान किए गए सभी प्रीमियमों का 100 प्रतिशत रिफंड प्रदान करता है, जिससे यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा उत्पाद बन जाता है। तो अब वार्षिकी उत्पाद में निवेश करने से ग्राहकों को कैसे लाभ होता है? पेंशन या वार्षिकी उत्पाद जो केवल जीवन बीमा कंपनियों द्वारा पेश किए जाते हैं, गारंटीशुदा नियमित आजीवन आय प्रदान करते हैं। ब्याज दर खरीद के समय ही लॉक-इन कर दी जाती है।
सेवानिवृत्त लोग एक स्थिर आय पसंद करते हैं जो ब्याज दर के उतार-चढ़ाव से प्रभावित न हो, वार्षिकी या पेंशन उत्पाद सबसे अच्छा विकल्प हैं, जो नियमित आय प्रदान करते हैं जो उन्हें वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने में सक्षम बनाते हैं। चूंकि आगे चलकर ब्याज दर में गिरावट की उम्मीद है, वार्षिकी उत्पाद खरीदने वाले ग्राहक मौजूदा ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक-इन करने में सक्षम होंगे। आइए प्रजापति का उदाहरण लें जिन्होंने शुरूआत में अपनी बचत रुपये का निवेश किया था। उन्होंने 8 प्रतिशत ब्याज पर 1 करोड़ रुपये की जमा राशि अर्जित की, जिससे उन्हें मासिक 67,000 रुपये की कमाई हुई, जिससे एक आरामदायक जीवन शैली का समर्थन मिला। हालाँकि जब उन्होंने कुछ वर्षों के बाद अपनी जमा राशि को नवीनीकृत करने का प्रयास किया तो ब्याज दर गिरकर 6 प्रतिशत हो गई, उनकी मासिक आय घटकर 50,000 रुपये रह गई, जिससे उनका जीवन स्तर प्रभावित हुआ। आइए देखें कि यदि प्रजापति ने अपना पैसा किसी वार्षिकी उत्पाद में निवेश किया होता तो क्या होता। यह मानते हुए कि ब्याज दर 7 प्रतिशत है, उसे लगभग जीवन भर 58,000 रुपये प्रति माह प्राप्त होगा। ब्याज दरों में किसी भी उतार-चढ़ाव के बावजूद यह स्थिर रहेगा।

# पी माइनस थ्री पोलिंग स्टेशनों के लिए तीन दिन पहले रवाना होंगे कार्मिक

**लोकसभा चुनाव**

8 - दुर्गम क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए निकटवर्ती स्थानों पर बनाए गए हैं मतदान केंद्र



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं एवं भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुचारु रखने के निर्देश दिए हैं।
लोकसभा चुनाव के लिए विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में 12 पी माइनस थ्री पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियां जिला मुख्यालय से मतदान से तीन दिन पहले रवाना कर दी जाएंगी।
जिन पोलिंग स्टेशन के लिए तीन दिन पहले पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी जाएंगी, उनमें 11 पोलिंग स्टेशन उत्तरकाशी जनपद और एक पिथौरागढ़ जनपद में हैं। उत्तरकाशी जनपद के पी माइनस थ्री पोलिंग स्टेशन पुरोला विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कलाप, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लिवाड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कासला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय राला, राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय फिताड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओसला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पवाणी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गंगाड, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेवा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय हडवाडी हैं। जबकि पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला विधानसभा क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कनार भी पी माइनस थ्री पोलिंग स्टेशन में शामिल है।
पी माइनस थ्री पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियां ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री लेकर रवाना होंगी। पहली रात को मतदान कर्मी सरकारी भवन में ठहर सकेंगे। इसकी जानकारी उन्हें सभी राजनीतिक दलों के लोगों को देनी होगी, ताकि वह ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री के बारे में निगरानी रख सकें। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता को मतदान का अधिकार मिले, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## बच्चों संग रंग-गुलाल लगाकर होली खेली

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सेवा भारती की ओर से संचालित गोविंदगढ़ के आजाद कालोनी स्थित गुरु गोविंद सिंह बाल संस्कार केंद्र में रविवार को अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छु गुप्ता ने बच्चों संग रंग-गुलाल लगाकर होली खेली। साथ ही बच्चों को गुलाल, पिचकारी और मिष्ठान भी बांटे।
होली के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी और एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक मधु जैन, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन गुप्ता ने कहा कि एकता और भाईचारे का प्रतीक होली पर्व सोमवार को उत्तराखंड में धूमधाम से मनाया जाएगा।

# अपहरण के आरोपित को पुलिस ने दबोचा, किशोरी बरामद



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी के अपहर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे किशोरी को सकुशल बरामद कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।
पुलिस के मुताबिक ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री काल्पनिक नाम रानी (17 वर्ष) के अपहरण की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी सुबह स्कूल के लिए घर से निकली थी,लेकिन वापस नहीं लौटी। उसे शिवा कुमार पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम फतवा कोतवाली लक्सर बहलाफुसला कर अपने साथ ले गया है। पुलिस टीम ने स्कूल के आसपास के सभी रास्तों की सीसीटीवी फुटेज चेक की। स्कूल में भी पता किया, लेकिन किशोरी उस दिन स्कूल ही नहीं गई थी। पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देख रही थी। इसी बीच पुलिस को किशोरी की सही लोकेशन पता चली जहां से पुलिस किशोरी को सकुशल बरामद कर अपने साथ ले आई।
किशोरी से हुई पूछताछ में उसने बताया कि उसे जुबेर पुत्र कल्लू निवासी काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली शहर जिला बिजनौर हाल निवासी मोहल्ला पावधोई, ज्वालापुर अपहरण कर ले गया था। पुलिस ने आज उसे नहर पटरी रेगुलेटर पुल पास के पास से गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के अपहरण में आरोपित शिवा कुमार के खिलाफ अपहर्ता का पीछा करने व उससे छेड़छाड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को नोटिस भेजा गया है।

# जीएसटी स्टेट ज्वाइंट कमिश्नर से मिला व्यापारी प्रतिनिधि मंडल, बोले-उत्पीड़न से व्यापारियों में रोष



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डिस्ट्रीब्यूटर्स ऑफ उत्तराखंड का प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी के स्टेट ज्वाइंट कमिश्नर संजीव सोलंकी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया।
प्रतिनिधि मंडल ने ज्वाइंट कमिश्नर सोलंकी को बताया कि माल की डिलीवरी के समय बिल होने के बावजूद गाड़ियों को निकटतम जीएसटी चौकी ले जाकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है।
इससे व्यापारी में रोष है।
डिस्ट्रीब्यूटर्स अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी विभाग और व्यापारी एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, जिनका आपस में तालमेल होना आवश्यक है। ज्वाइंट कमिश्नर ने बताया कि जीएसटी का रुख व्यापारियों के प्रति सकारात्मक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी व्यापारी सही काम कर रहे हैं उनका किसी प्रकार से उत्पीड़न न हो, इसका ख्याल रखा जाएगा।

**अवगत**

8 ज्वाइंट कमिश्नर सोलंकी ने बताया कि गाड़ी की चेकिंग होना एक सामान्य प्रक्रिया है।

ज्वाइंट कमिश्नर सोलंकी ने बताया कि गाड़ी की चेकिंग होना एक सामान्य प्रक्रिया है। हालांकि व्यापारियों को माल सप्लाई के समय असुविधा नहीं होने दी जाएगी। वे व्यक्तिगत संज्ञान लेकर निस्तारण करने की कोशिश करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक संजीव अग्रवाल, महामंत्री कमलजीत शर्मा, उप प्रधान विवेक सिंघल, वरिष्ठ उप मंत्री अजय मित्तल, उपाध्यक्ष अनिल भोला, अनिल अग्रवाल, कानूनी सलाहकार क्षितिज अग्रवाल आदि थे।

# लोकसभा चुनाव : मजबूत भाजपा के सामने कांग्रेस का कमजोर दांव



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एक तरफ भाजपा का मजबूत संगठन, तो दूसरी तरफ कांग्रेस की लचर स्थिति। एक तरफ भाजपा के त्रिवेंद्र सिंह रावत जैसा अनुभवी चेहरा, तो दूसरी तरफ कांग्रेस का विरेंद्र रावत जैसा अनजान और अनुभवहीन चेहरा। एक तरफ मोदी लहर, तो दूसरी तरफ बिखरा-बिखरा पस्त विपक्ष। उत्तराखंड की प्रतिष्ठित हरिद्वार लोकसभा सीट पर अपने बेटे विरेंद्र रावत को टिकट दिलाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का दबाव कांग्रेस पर बहुत भारी पड़ना तय है। कहने का मतलब कि सत्ताधारी दल भाजपा को परिवारवाद का मुद्दा बनाकर कांग्रेस पर हमला करने का एक और अवसर प्राप्त हो गया है। चुनाव प्रचार अभियान में कांग्रेस से बहुत आगे निकल चुकी भाजपा के खेमे में कांग्रेस के टिकट के ऐलान के बाद खुशी का माहौल है।
लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस का हरिद्वार सीट पर चेहरा घोषित तो हो गया है, लेकिन यह कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह जगाने वाला नहीं है। एक ओर विरेंद्र रावत न तो कांग्रेस संगठन के भीतर और न ही हरिद्वार क्षेत्र में कभी सक्रिय रहे हैं, दूसरा कांग्रेस के इस कदम ने भाजपा को पार्टी के परिवारवाद पर और आक्रामक होने का मौका दे दिया है।
वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव की बात छोड़ दें, जबकि हरीश रावत खुद ही इस सीट से चुनाव लड़कर सांसद बने थे, बाकी दो मौकों पर उन्होंने अपने परिजनों को ही टिकट के मामले में आगे बढ़ाया है। वर्ष 2014 में हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत को इस सीट से कांग्रेस ने टिकट दिया था। हालांकि वह भाजपा उम्मीदवार डा. रमेश पोखरियाल निशंक से हार गई थीं। इसके बाद वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में हरीश रावत ने हरिद्वार ग्रामीण सीट से अपनी बेटी अनुपमा रावत को टिकट दिलाया था, जो विजयी रही थीं। अबकी बार हरीश रावत के साथ ही डा. हरक सिंह रावत, करन माहरा इस सीट पर पार्टी टिकट के लिए संभावित दावेदार थे, लेकिन हरीश रावत अपने बेटे विरेंद्र रावत को टिकट दिलाने में कामयाब हो गए।
एक तो राजनीति, उस पर चुनावी राजनीति के लिहाज से देखें, तो विरेंद्र रावत का कोई अनुभव नहीं है। पहली बार उन्हें किसी चुनाव में पार्टी ने टिकट दिया है। पार्टी चाहती थी कि हरीश रावत या फिर किसी कद्दावर नेता को मैदान में उतारकर चुनाव को कांटे का बनाया जाए, मगर हरीश रावत के दबाव के चलते ऐसा नहीं हो पाया। विरेंद्र रावत का मुकाबला भाजपा के उन अनुभवी त्रिवेंद्र सिंह रावत से है, जो कि पूर्व मुख्यमंत्री, राज्य सरकार में दो बार के मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा वे भाजपा के गढ़वाल मंडल के संगठन मंत्री जैसे दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। दो बार के सांसद रह चुके पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक की जगह त्रिवेंद्र सिंह रावत को टिकट देकर भाजपा एंटी इनकमबेंसी की आशंका से पहले ही खुद को अलग कर चुकी है।
हरिद्वार की तरह, नैनीताल सीट पर भी लोकसभा चुनाव के नजरिये से अपेक्षाकृत नया चेहरा देकर कांग्रेस ने सभी को हैरत में डाला है। इस सीट पर राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले प्रकाश जोशी को टिकट दिया गया है, जो कि मोदी सरकार के राज्य मंत्री और भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट के सामने होंगे। हालांकि विरेंद्र रावत के मुकाबले प्रकाश जोशी को फिर भी चुनावी राजनीति का अनुभव है। वह वर्ष 2012 और 2017 में कांग्रेस के टिकट पर कालाढूंगी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन उन्हें दोनों ही बार हार का सामना करना पड़ा था। लोकसभा का टिकट उन्हें पहली बार दिया गया है।

## संपादकीय

# होली का इतिहास, परम्परा, हुल्लड़ और सावधानियां

**बिहार** में कुर्ता फाड़ होली भी खेली जाती है, जो विदेशों में भी काफी प्रसिद्ध है। लोग बताते हैं कि इस दिन के लिए खास तैयारी की जाती है। बाजार में स्पेशल कुर्ते बिकते हैं, जिनकी काफी डिमांड रहती है। यहां होलिका दहन की राख एक-दूसरे को लगाई जाती है, जिसे काफी शुभ माना जाता है। होली वाले दिन पहले गुलाल से सूखी होली खेली जाती है। इसके बाद पुरुष कुर्ता फाड़ होली खेलते हैं। वहीं मथुरा में लठ्ठमार होली तो उत्तराखंड में बैठकी होली की धूम है। इतिहास बताता है कि होली के त्योहार को मनाने की शुरूआत बिहार के पूर्णिया जिले से हुई थी। माना जाता है कि पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड के सिकलीगढ़ में आज भी वह स्थान है, जहां होलिका अपने भाई हिरण्यकशिपु के कहने पर भक्त प्रह्लाद को गोद में लेकर जलती चिता पर बैठ गई थी। दावा किया जाता है कि पूर्णिया में ही वह खंभा भी मौजूद है, जहां भगवान विष्णु नरसिंह अवतार में प्रकट हुए थे। इसके बाद उन्होंने हिरण्यकशिपु का वध किया था। सिकलीगढ़ में हिरण्यकशिपु का किला था। यहीं पर भक्त प्रह्ललाद रहते थे। स्थानीय बुजुर्गों की मानें तो पूर्णिया में आज भी उस काल के टीले मौजूद हैं। इसी दिन भोलेनाथ ने कामदेव को उनकी तपस्या भंग करने के प्रयास में भस्म कर दिया था। लेकिन देवी रति की प्रार्थना पर उन्होंने कामदेव को क्षमादान देकर पुनर्जन्म दिया। साथ ही रति को यह वरदान दिया कि वह श्रीकृष्णा के पुत्र रूप में जन्म लेंगी। कामदेव के पुनर्जन्म और देवी रति को प्राप्त वरदान की खुशी में संपूर्ण विश्व में फूलों की वर्षा हुई। हर तरफ गुलाल उड़ाकर आंनदोत्सव मनाया गया। कहा जाता है कि यह तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा थी। तब से ही इसे पर्व रूप में मनाया जाने लगा।

**बदलता स्वरूप**

रंगों और खुशियों का त्योहार होली अक्सर कई परिवारों के लिए बेरंगा और दुखदायी हो जाता है। वजह है खतरनाक रासायनिक रंगों का दुष्प्रभाव। रंग-बिरंगे त्योहार की खुशियाँ हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं। पुराने समय में होली और रंगों का संबंध सीधे प्रकृति से था, सादगी और समन्वय से था, आज इस त्योहार में अक्सर रंग में भंग होता देखा जा सकता है, वजहें अनेक हैं लेकिन रासायनिक घातक रंगों के दुष्प्रभावों के चलते सेहत की दुर्दशा तय है। बाजार से खरीदे रंग रसायनों से भरपूर हो सकते हैं। इन रंगों का दुष्प्रभाव हमारी सेहत पर इतना ज्यादा हो सकता है कि जिसकी कल्पना करना मुश्किल है। त्वचा पर एलर्जी से लेकर आंखों की रोशनी छिन जाने और कैंसर जैसे भयावह रोग होने तक के प्रमाण मिल चुके हैं। ऐसे में रंगों के त्योहार "फगुआ" को मनाना जी का जंजाल हो सकता है। रासायनिक रंग हमारे शरीर पर त्वचा रोग, एलर्जी पैदा करते हैं। दूसरी तरफ आँखों में खुजली, लालपन, अंधत्व के अलावा कई दर्दनाक परिणाम देते हैं। इन रंगों की धुलाई होने पर ये नालियों से बहते हुए बड़े नालों और नदियों तक प्रवेश कर जाते हैं और प्रदूषण के कारक बनते हैं। रसायनों से तैयार रंग जैसे काला, किडनी को प्रभावित करता है, हरा रंग आंखों में एलर्जी और कई बार नेत्रहीनता तक ले आता है, वहीं बैंगनी रासायनिक रंग अस्थमा और एलर्जी को जन्म देता है, सिल्वर रंग कैंसर कारक है तो लाल भी त्वचा पर कैंसर जैसे भयावह रोगों को जन्म देता है।

# सामाजिक समरसता का उत्सव

गिरीश्वर मिश्र

> "प्रिय जनों और नातों-रिश्तों में आती दरारों से जुड़ी खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खिय़ाँ बन रही हैं। इनसे जुड़ी घटनाओं में क्रूरता, अत्याचार, अपराध और हिंसा प्रमुख होते जा रहे हैं। जाहिर है दुर्दमित आकांक्षाओं के साये में ज़िंदगी जीने का यह नक़्शा आधा-अधूरा है और अपेक्षित रूप से फलदायी नहीं सिद्ध हो रहा है। पर आनंद की खोज की सिर्फ.यही राह नहीं है। गौरतलब है कि मनुष्य समाज में पैदा होता है और उसी में पलता-बढ़ता भी है। सामाजिकता उसकी रगों में बसी रहती है और सामाजिक जीवन प्रकृति के समानांतर चलने को तत्पर रहता है। होली के दौरान उत्फुल्लता मन और वन दोनों में एक साथ निखर कर सामने आती है। वसंत का चरम उत्कर्ष तब होता है जब शीत काल की ठिठुरन बीतने के बाद परिवेश में ऊष्मा का संचार होता है"

**भारतीय** पर्व और उत्सव अक्सर प्रकृति के जीवन क्रम से जुड़े होते हैं। ऋतुओं के आने-जाने के साथ ही वे भी उपस्थित होते रहते हैं। इसलिए भारत का लोकमानस उसके साथ विलक्षण संगति बिठाता चलता है जिसकी झलक गीत, नृत्य और संगीत की लोक-कलाओं और रीति-रिवाजों सबमें दिखती है। साझे की ज़िंदगी में आनंद की तलाश करने वाले समाज में ऐसा होना स्वाभाविक भी है। हमारा मूल स्वभाव तो यही सुझाता है कि हम प्रकृति में अवस्थित हैं और प्रकृति हममें स्पंदित है। थोड़ा विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारा अनोखा उपहार, क्योंकि सारी तकनीकी प्रगति के बावजूद अभी तक जीवन का कोई विकल्प नहीं मिल सका है। यह अलग बात है कि प्रकृति या दूसरे आदमियों के साथ रिश्तों को लेकर कृतज्ञता का भाव अब दुर्लभ होता जा रहा है। फागुन के महीने की पूर्णिमा से यह उत्सव पूरे भारत में शुरू होता है और बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। होली का सामुदायिक उत्सव हमें अपने समग्र अस्तित्व को जाग्रत करने वाला होता है। वह हमें हमारे व्यापक अस्तित्व की याद दिलाता है। आज इस तरह की बात आसानी से हमारे ध्यान-पटल पर नहीं उतरती। वहाँ जिन विचारों, अनुभवों और भावनाओं की आपाधापी है, जिनके बीच मारकाट मची हुई है, उनकी भीड़ में आज न प्रकृति को आँख भर निहारने की फुर्सत मिल रही है और न यह सच्चाई ही महसूस हो पा रही है कि हम मूलतः प्रकृति जीवी है। पर इस सच को नहीं झुठलाया जा सकता कि जीवन निरपेक्ष नहीं होता। प्रकृति है तो ही जीवन है। जल, पृथ्वी, आकाश, अग्नि और वायु जैसे तत्व जीवन के अनिवार्य प्राणदायी आधार-स्रोत हैं और आगे भी बने रहेंगे। प्रकृति माता है और हम सब पर प्रकृति का अकूत ऋण है। इस प्रकृति को चुनौती देती और उसे तबदील कर मानव निर्मित तकनीकी सबकुछ पर हावी हो रही है। नित्य बढ़ते तमाम दबावों के बीच डूबता-उतराता आज का आदमी अपने जीवन में तकनीकी के प्रवेश के साथ खुद अपनी प्रकृति या स्वभाव को बेगाना बनाता जा रहा है। उसका तकनीकजीवी बनता जा रहा मानस जीवन और प्रकृति के साथ अपने अटूट रिश्ते को भूलता-बिसराता जा रहा है। तकनीक के सहारे जीवन में तेजी, त्वरा और गति ने कुछ इस तरह प्रवेश किया है कि अब दिन-प्रतिदिन की जगह क्षण-प्रतिक्षण होने वाली उथल-पुथल का हिसाब रखने और उसको सँभालते रहने की उतावली बनी रहती है। अब पग-पग पर तकनीक की जरूरत पड़ रही है और तकनीक के बढ़ते दखल से बेचैनी भी बढ़ रही है। जीवन की दौड़ में विराम, विश्राम और सुकून अब सपने में भी दूभर होता जा रहा है। हाँ, यह जरूर हुआ है कि अब दुःख-सुख, प्रेम-मोहब्बत और मान-मनौवल जैसी भावनाओं का इजहार-इकरार सब कुछ मानवीय संवेदना से दूर तकनीक के सुपुर्द होता जा रहा है। जीवन की गाड़ी उसी के भरोसे चल रही है। तकनीकजीवी का जीवन आदमी का अपना जीवन नहीं होता है। वह टिका हुआ है सूचना के अनवरत प्रवाह पर। इसमें आगत से अधिक अनागत या ठीक से कहें तो जो आने वाला है या आ सकता है उसकी चिंता और भय वर्तमान को डंसे जा रहे हैं। इसलिए कुछ करने से अधिक जो हो रहा है उसकी पल-पल निगरानी और हिसाब-किताब करते रहने की जरूरत बढ़ती जा रही है। लोग लगातार ई-मेल या व्हाट्सएप देखने को बेताब रहते हैं और मोबाइल पर उनकी उंगली लगातार चलती रहती है। श्वास-प्रश्वास की तरह मोबाइल-संचालन हमारे जीवन का एक अहर्निश चलने वाला व्यापार होता जा रहा है। यह जरूर है कि इसमें एक किस्म की सृजनशीलता का भ्रम जरूर छिपा रहता है और लगता है कि हम कुछ कर रहे हैं। तकनीकी संलग्नता के बीच संवाद और संचार तो होता है पर इस उद्यम में अपनी सक्रियता देख-देख यह अहसास भी होने लगता है कि हम अपनी विशिष्टता और अद्वितीयता स्थापित कर रहे हैं। आधुनिक जीवन की यह विकट विडंबना है कि हम अपने अस्तित्व को सबसे विलग (डिस्टिंक्ट) हो कर प्रमाणित करने का अभ्यास करने में लगे रहते हैं। वैयक्तिकता और निजता व्यक्ति के विकास की दिशा निर्धारित कर रहे हैं। अपने आप को भिन्न दिखने-दिखाने की ख्वाहिश या कहें असमान लगने की कामना हमें निपट अकेला करती जाती है। पर अकेलेपन की ओर धकेली जाती ज़िंदगी ज्यादा संतुष्टि और सुख नहीं दे पाती है। आज हम देख रहे हैं कि समायोजन न बैठ पाने के कारण इन स्थितियों की परिणति अवसाद और दुश्चिंता आदि विभिन्न मनोरोगों के रूप में हो रही है। यही नहीं, विशिष्ट बनने के क्रम में दूसरों के साथ टकराव और प्रतिस्पर्धा भी अनिवार्य रूप से शुरू हो जाती है। प्रिय जनों और नातों-रिश्तों में आती दरारों से जुड़ी खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खिय़ाँ बन रही हैं। इनसे जुड़ी घटनाओं में क्रूरता, अत्याचार, अपराध और हिंसा प्रमुख होते जा रहे हैं। जाहिर है दुर्दमित आकांक्षाओं के साये में ज़िंदगी जीने का यह नक़्शा आधा-अधूरा है और अपेक्षित रूप से फलदायी नहीं सिद्ध हो रहा है। पर आनंद की खोज की सिर्फ.यही राह नहीं है। गौरतलब है कि मनुष्य समाज में पैदा होता है और उसी में पलता-बढ़ता भी है। सामाजिकता उसकी रगों में बसी रहती है और सामाजिक जीवन प्रकृति के समानांतर चलने को तत्पर रहता है। होली के दौरान उत्फुल्लता मन और वन दोनों में एक साथ निखर कर सामने आती है। वसंत का चरम उत्कर्ष तब होता है जब शीत काल की ठिठुरन बीतने के बाद परिवेश में ऊष्मा का संचार होता है। खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूलों के गहनों से लदी सजी प्रकृति सबके स्वागत के लिए सजीव हो उठती है। तब खुद को जीवन-कार्य में जोड़ने की तैयारी का अवसर मिलता है। खेती-किसानी के लिए भी होली एक प्रस्थान विंदु जैसा होता है। के साथ कुछ दिन बाद चैत के महीने में वासंतिक नवरात्र के साथ भारतीय नव वर्ष शुरू होता है। नए की भावना द्वंद्वों और संघर्षों से उबरते हुए नए समारंभ करने की प्रेरणा वाली होती है। रंगों और प्रेम भाव से सुवासित समानता और समता की गारंटी देने वाला होली का उत्सव ऊँच-नीच हर किसी को शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। वह आवाज देता है कि अपने-अपने अहं का विसर्जन कर आगे आओ। होली के पहले रात को होलिका-दहन होता है जिसमें अपने सारे कल्मष जला कर नई शुरूआत करने का संकल्प लिया जाता है। यह वैर का दहन कर उल्लास का प्रसाद बाँटने का अवसर होता है। होली का अवसर राधा कृष्ण के स्मरण के साथ भी अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। अबीर, गुलाल, कुंकुम और रंग की पिचकारी से सराबोर ब्रज-क्षेत्र (मथुरा, वृंदावन, नंद गाँव, बरसाना और गोकुल) की होली दुनिया भर में प्रसिद्ध है। रंगों में भींगने भिंगाने के बाद होली के दिन रुचिकर व्यंजन भी बनते हैं और परिजनों के साथ खान-पान का आनंद लेते हैं। संगीत और काव्य की दृष्टि से होली का अवसर सर्जनशीलता को आमंत्रित करता रहा है।



सभी सबको एक रंग में रंगने को आतुर रहते हैं। सब को एक सा बनाने का प्रयोजन सौहार्द और निकटता की भावना को जगाना होता है। इसका एक अभिप्राय यह भी है कि हम उस अविभक्त अव्यय भाव को महसूस करें जो अव्यक्त हो कर सबके अंतर्मन में व्याप्त रहता है। अपनी-अपनी अस्मिताओं को बचाने और बनाने का उत्सव तो सब करते हैं पर उसे छोड़ कर व्यापक समष्टि की अस्मिता अपनाने का साहस दिलाना होली का प्रयोजन है। अपनी अस्मिता को छोड़ या उसका विस्तार कर बड़ी अस्मिता को अंगीकार करना सामाजिक परिवर्तन की शक्ति होता है। समानताओं की पहचान भी जरूरी है। हम सिर्फ.एक दूसरे से भिन्न हैं यह कहना अधूरी बात होगी और असत्य भी क्योंकि हम सबमें व्यापक समानताएँ भी हैं। मनुष्य होने के लक्षण सबमें हैं और मनुष्यता भी इसीलिए जीवित है सभी किसी न किसी सीमा तक उस मनुष्यता से जुड़ रहे हैं। संकुचित और छुद्र अस्मिताओं से ऊपर उठ कर देश और समाज की व्यापक अस्मिता का अंग बनते हुए ही हम उन्नति के पथ पर आगे बढ़ सकते हैं।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

## कविता

### पवित्र होली

आओ कलियों की खुशबू
और रंग से हो जाएं सराबोर।

आओ कलियों की खुशबू
और रंग से हो जाएं सराबोर।
खेलें ब्रज की होली सखी री,
हो जाएं मदहोश रंगो के रंग से,
पिया के रंग से,पिया के संग से।
मासूम कलियां की खुशबू और गुलाबी रंग लेकर,
अमलतास और टिशू के मीठे मीठे मदहोशी के रंग चुरा कर,
झरनों की चंचलता के संग,
लताओं से पेड़ों से हरियाली ले,
पर्वतों की थोड़ी दृढ़ता के साथ,
मछलियों की चंचलता मोहे,
हिरनियों के चक्षु नयन श्रृंगार सी, आओ तुम शरमाई सिमटी सी
ओस की नरमी लेकर,
छुईमुई शर्माई सी लिपट जाओ,
ना तुम्हें होश रहे,
ना हमें ख्याल रहे,
पवन की स्निग्धता के संग,
खरगोश चपलता से एक हो जाए,
हम पिया के संग,
रंग से सराबोर,
राधा कृष्ण की पवित्रता लिए,
गंगा जमुनी जल से भीगे भीगे

संजीव

## धर्म संप्रदाय के साथ होली के खुशनुमा रंग पर

संजीव

**होलिकात्सव** यह एक ऐसा अद्भुत त्यौहार है जिसे देश मे अनेक धर्म संप्रदाय होने के बावजूद इसे बहुत ही उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाने वाला महापर्व माना गया है इसे समरसता का एक बड़ा प्रतीक भी माना गया है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह इ भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है कि भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था। भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है।

## विचार

# आपसी भाईचारे और सद्भावना का संदेश देती है होली

योगेश कुमार गोयल

**खुशी** और उत्साह का प्रतीक रंगों का पर्व होली न केवल सभी को रंगों से खेलने का अवसर प्रदान करता है बल्कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिवार और दोस्तों के साथ कुछ पल सुकून के साथ बिताने का समय भी प्रदान करता है। हमारे प्रत्येक त्योहार, व्रत, परम्परा और मान्यताओं में एक खास संदेश निहित है। होली भी हमारे जीवन में रंगीनियत भरते हुए उसे फिर से खुशियों से सराबोर करती है और खुलकर जीने का अहसास कराती है। यह पर्व आसुरी शक्तियों पर देवत्व की विजय का प्रतीक पर्व है, जो हमें नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मकता को अपनाते हुए उसके संग उत्सव मनाने का संदेश देता है। गिले-शिकवे भुलाकर खुशियां बांटने का पर्व है होली, इसलिए संबंधों को मजबूत बनाने और यदि किसी भी प्रकार की कड़वाहट चल रही है तो यह पर्व उसे भी भुलाकर पास आने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। जीवन में खुशियों के रंग घोलता होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भावना का संदेश देता है। रंगों के इस त्यौहार पर भला कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो आपसी द्वेषभाव भुलाकर रंग-बिरंगे रंगों में रंग जाना नहीं चाहेगा लेकिन रंगों का असली मजा भी तभी है, जब रंगों का रचनात्मक उपयोग किया जाए और होली खेलने के लिए भी केवल सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों का ही उपयोग करें। दरअसल लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार तो करते हैं लेकिन होली के दिन प्राकृतिक रंगों के बजाय चटकीले रासायनिक रंगों का बढ़ता उपयोग चिंता का बड़ा कारण बनने लगा है। बाजार में बिकने वाले अधिकांश रंग अम्लीय अथवा क्षारीय होते हैं, जो व्यावसायिक उद्देश्य से ही तैयार किए जाते हैं और थोड़ी सी मात्रा में पानी में मिलाने पर भी बहुत चटक रंग देते हैं, जिस कारण होली पर इनका उपयोग अंधाधुंध होता है। ऐसे रंगों का त्वचा पर बहुत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इसलिए बेहतर यही है कि या तो बाजार से अच्छी गुणवत्ता वाले हर्बल रंग-गुलाल ही खरीदें या इन्हें घर पर ही स्वयं तैयार करें। शुष्क त्वचा वाले लोगों और खासकर महिलाओं तथा बच्चों की कोमल त्वचा पर अम्लीय रंगों का सर्वाधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। अम्ल तथा क्षार के प्रभाव से त्वचा पर खुजलाहट होने लगती है और कुछ समय बाद छोटे-छोटे सफेद रंग के दाने त्वचा पर उभरने शुरू हो जाते हैं, जिनमें मवाद भरा होता है। यदि तुरंत इसका सही उपचार कर लिया जाए तो ठीक, अन्यथा त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियां भी पनप सकती हैं। घटिया क्वालिटी के बाजारू रंगों से एलर्जी, चर्म रोग, जलन, आंखों को नुकसान, सिरदर्द इत्यादि विभिन्न हानियां हो सकती हैं।

कई बार होली पर बरती जाने वाली छोटी-छोटी असावधानियां भी जिंदगी भर का दर्द दे जाती हैं। इसलिए यदि आप अपनी होली को खुशनुमा और यादगार बनाना चाहते हैं तो इन बातों पर अवश्य ध्यान दें। रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करें। ज्यादातर बाजारू रंगों में इंजन ऑयल तथा विभिन्न घातक केमिकल मिले होते हैं, जिनका त्वचा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। होली खेलने से पहले चेहरे तथा पूरे शरीर पर सरसों अथवा नारियल का तेल या कोल्ड क्रीम अथवा सनस्क्रीन क्रीम लगा लें ताकि रोमछिद्र बंद हो जाएं और रंग त्वचा के ऊपरी हिस्से पर ही रह जाएं। इससे होली खेलने के बाद त्वचा से रंग छुड़ाने में भी आसानी होगी। होली खेलने से पहले बालों में अच्छी तरह तेल लगा लें और नाखूनों पर कैस्टर ऑयल लगाएं ताकि बाद में रंग आसानी से छुड़ाया जा सके। होली खेलने जाने से पूर्व आंखों में गुलाब जल डालें और जहां तक संभव हो, आंखों पर चश्मा लगाकर होली खेलें ताकि रंगों का असर आंखों पर न पड़ सके। होली खेलने के तुरंत बाद स्नान अवश्य करें लेकिन त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए कपड़े धोने के साबुन, मिट्टी के तेल, चूने के पानी, दही, हल्दी इत्यादि का प्रयोग हानिकारक है। चेहरे पर लगे गुलाल को सूखे कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें और रंग लगा हो तो नारियल तेल में रूई डुबोकर अथवा क्लींजिंग मिल्क से हल्के हाथ से त्वचा पर लगा रंग साफ करें।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# ई डी वालों ने घेर लई, श्याम दारु भरने गई !

**घनश्याम बादल**

**होली व्यंग्य :**

होली हंगामा

ई डी वालों ने घेर लई,श्याम दारु भरने गई !

डॉ० घनश्याम बादल

आखिर दिल्ली में खेला हो ही गया । झाड़ू वाले बाबू दारू वाले केस में धर ही लिए गए । बेचारे कितने दिनों से कह रहे थे हम तो कट्टर ईमानदार हैं । एक घूंट पानी मिलाकर नहीं बेचते, अपनी अपना रंग और भंग दोनों ही एकदम प्योर हैं । पर यें मुए ई डी वाले मानें तब न ! उनकी दारू में पानी भी ढूंढ लिया और उनका ह्यपानीह्न भी उतार दिया अब ऊपर से झाड़ू घर पर भी कब्जे के फिराक में घूम रहे हैं। राम जाने क्या होगा अब?

भंग का पटियाला पैग चढ़ाए बुड़बक सिंह इस बार भी हर बार की तरह फुलफंटास लोगों के खिलाफ होली के मौके पर कमेंट्री के साथ आ टपका घर पर । तो जैसे ही भंग का रंग चढ़ा बुड़बक के भीतर का कनकव्वा अनकंट्रोल्ड होकर 'कांव - कांव' करने लगा । तो सुनिए क्या - क्या बका बुड़बक रूपी कनकव्वे ने । जो काम का लगे उसे झोली में डालिए और .... कुछ गलत - सलत हो जाये डालिए होली में।

**दृश्य १ :400 पार ,रार तकरार :**

हिंदुस्तान में विपक्षीलाल जी इस उम्मीद में हर इलेक्शन में मुंडिया रगड़वाते रहे हैं कि कभी तो इनका भी 'खेला होई बे करी' पर बेचरों की दाल नहीं गलती तो नहीं गलती । हर बार इनके विरोधियों के हिस्से कुर्सी आ जाती है और इनके हिस्से स्यापा ..... मगरमच्छों के इलाके में मछली की भी किस्मत खुलती है भला ? अब कौन समझाए बुड़बक मियां को । न सीखने की ठाने हुए हैं और अगले इलेक्शन में भी । उधर दूसरी ओर से दढियल बाबा बार-बार हुंकार हुंकार कर कह रहे हैं अबकी बार 400 पारह्न और इधर नाकारा कारवां के बीच विपक्ष का चिकना चेहरा गोल-गोल घूमे जा रहा है देश प्रदेश में। जरा उनका राग बेसुरा सुनिए तनिक

अंतर मंतर, जादू जंतर,
खतरे में है लोकतंतर
सुन रे बबुआ,सुन रे झबुआ !
पीकर व्हिस्की, जिन ङ्ग
ताक धिना धिन, धिन - धिन - धिन ।
पीछे से नमो नमो का गीत बजता है एक मोटा सा जमूरा गा गा कर कहने लगता है

## होली के रंगों से आँखों को बचाएं

**डॉक्टर महिन्दर सिंह बासु**

**होली** खेलते हुए आंखों में रंग चला जाना आम बात है। लेकिन इसके प्रति लापरवाही उम्र भर आपकी आँखों को खराब कर सकती है और आप इसका भारी खमयाजा भर सकते हैं क्योंकि इससे आंखों की रोशनी जा सकती है। होली खेलते समय ज्यादातर लोग अपनी त्वचा और बालों को लेकर काफी सतर्कता बरतते हैं। लेकिन अपनी आंखों के प्रति लापरवाही कर बैठते हैं। होली खेलती बार अगर खराब केमिकल / रंग आपकी आँखों के अन्दर चला जाये तो यह आपकी आंखों की पुतलियों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे ग्लूकोमा, आंखों में सूखा पन और आँखों की नजर कमजोर हो सकती है / होली पर अगर आंखों में खराब केमिकल / रंग चला जाए तो तत्काल कुछ उपाय करने से आँखों को होने बाले नुकसान से बचाया जा सकता है / होली पर अक्सर लोगों की आंखों में खराब केमिकल , गुलाल या रंग चला जाता है जिससे जलन होने लगती है और आंखों में पानी आने लगता है। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी आंखों को तुरंत हाथों, रूमाल या टिश ?यू से रगड़ने लगते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इससे कॉर्निया में घर्षण हो सकता है और आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। आंख साफ करने के लिए इसके प्रयोग से बचें। आंखों को रंगड़ने की वजह से रंग आंखों के अंदर तक फैल सकता है जिससे आंखें लाल हो सकती हैं। इससे आंखों में सूजन या संक्रमण की समस्या भी हो सकती । जितना संभव हो अपनी आंखों को रंगों से बचाकर रखना है। अगर आंखों में रंग चला जाए तो कॉटन के कपड़े की मदद से आंखों को साफ करें। आंखों की अच्छी और पूरी तरह से सफाई के लिए एक स्टेराइल आई वॉश सॉल्यूशन का उपयोग करें / आंखों में रंग चला जाएए तो तुरंत राहत के लिए सादे पानी से आंखों को धो लेना चाहिए। लेकिन ध्यान रखें कि पानी को आंखों में छिड़कने से पहले जरूरी है कि आप अपने हाथों को अच्छी तरह धो लें क्योंकि गन्दे हाथों से आँखों को धोने से हाथों की गन्दगी आँखों को नुकसान पहुंचा सकती हैं / आंखों को धोने के लिए हल्का ठंडा पानी का उपयोग कर सकते हैं। अगर हल्का ठंडा पानी उपलब्ध न होए तो सादे पानी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### संदिग्ध हालात में विवाहिता लापता, भगाकर ले जाने का आरोप

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निसिंग थाना** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव से संदिग्ध हालातों में एक विवाहिता लापता हो गई। पति ने आसपास के एरिया में तलाश शुरू कीए लेकिन कोई भी सुराग नहीं लगा। बाद में पति ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। विवाहिता के पति ने अज्ञात व्यक्ति पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का शक जताया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे घर से करनाल दवाई लेने की बात कहकर गई थी। उसने सोचा था कि दोपहर तक वह लौट आएगी, लेकिन वह नहीं लौटी। वह इंतजार करता रहा। जब वह शाम तक घर नहीं लौटी तो पति की चिंता और भी ज्यादा बढ़ गई। पति ने बताया है कि उसने अपनी पत्नी की तलाश आसपास के एरिया में भी की है, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। उसे शक है कि उसकी पत्नी किसी अज्ञात के साथ गई है। उसने मामले की शिकायत पुलिस को की है। निसिंग थाना के जांच अधिकारी मीनू ने बताया कि महिला के संदिग्ध हालातों में लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने नशेड़ी पति पर लगाए शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के आरोप

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भगत सिंह** कॉलोनी में एक पत्नी ने अपने नशेड़ी पति पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड? करने के आरोप लगाए हैं। पत्नी के आरोपों के मुताबिक, उसका पति उसे रात को दौड़ा-दौड़ाकर पीटता है। इतना ही नहीं सास और ससुर भी खड़े होकर मारपीट करवाते हैं। खर्चे तक के पैसों के लिए भी मोहताज पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल की भगत सिंह कॉलोनी निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 10 साल पहले अरूण के साथ हुई थी। इस दौरान उसे एक लडका हुआ। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसका पति नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है। रोजाना शराब पीता है और नशे की हालत में उसे पीटता है। इतना ही नहीं शारीरिक और मानसिक उत्पीडन भी करता है। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि मेरे सास ससुर पास में खड़े रहते हैं और मारपीट करवाते हैं और अपमानित भी करते हैं। यहां तक मेरा पति रात को घर से बाहर सडकों पर दौड़ा दौड़ाकर पीटता है। आरोप है कि उसका पति उसे खर्चे और गुजारे के लिए कोई भी पैसा नहीं देता और न ही कहीं पर जॉब करने देता है। पीड़िता ने बताया है कि उसने बीती 1 मार्च और 6 मार्च को शिकायत दी थी, लेकिन आरोपियों ने कार्रवाई से बचने के लिए समझौता कर लिया था, लेकिन 22 मार्च की रात को मेरे पति, सास व ससुर ने मिलकर मारपीट की और पति ने मुझे बेल्ट व वाइपर से पीटा। बार-बार जान से मारने की धमकी दी जाती है। उसने डायल-112 को कॉल किया, लेकिन उसने किसी जानकार के घर पर छिपकर रात बताई। मेडिकल करवाने के बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। सेक्टर 32-33 थाना के जांच अधिकारी रणदीप ने बताया कि भगत सिंह कॉलोनी की पीड़िता ने अपने पति अरूण, सास और ससुर पर प्रताड?ा के आरोप लगाए है। मेडिकल में डॉक्टर ने चार चोटों का जिक्र किया है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# कुमारी शैलजा का भाजपा पर साधा निशाना, केजरीवाल की गिरफ्तारी को बताया गलत

## लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए विपक्ष के पीछे लगा रखी है ईआडी-सीबीआई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कांग्रेस की** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा रविवार को करनाल में कार्यकताओं से मिलने पहुंची। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बताया। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह हमारे गठबंधन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जो भी विपक्ष में हो, उसके खिलाफ भाजपा ने अपनी सारी एजेंसी छोड़ रखी है। चाहे इडी हो, सीबीआइ हो, इनका दुरुपयोग लोकतंत्र को



कमजोर करने के लिए हो रहा है। भाजपा का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। कुमारी शैलजा ने सीएम के बदलने पर कहा कि सीएम बदले हैं, कुछ नहीं बदला है, जो पुरानी बात थी, वही चल रहा है। वहीं करप्शन, प्रशासन, कुछ काम हो नहीं रहे। चुनाव आ गया है, ऐसा लगता है कि बदलाव के बाद भी बदलाव नहीं हुआ है और आने वाले समय में बदलाव की शुरूआत करनाल से ही होगी। अपने लोकसभा चुनाव लड? पर कुमारी शैलजा बोली कि हमारी पार्टी में इसको लेकर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है, न फैसला हुआ है। मीटिंग होंगी, हाईकमान का जो फैसला होगा उसे हम मानेंगे। मेरी इच्छा विधानसभा चुनाव लडने की है, पर हाईकमान का फैसला होगा वो मान्य होगा। करनाल के उपचुनाव पर शैलजा ने कहा कि हम तगड़ा उम्मीदवार मैदान में उतरेंगे। पार्टी हर पहलू पर विचार कर रही है। हम सशक्त उम्मीदवार उतारेंगे। अगर भाजपा सीएम नायब सैनी को मैदान में उतारती है तो करनाल की पब्लिक की क्या हालत होगी ये आप खुद सोच सकते हैं। वहीं इस दौरान जब उनसे राजकुमार सैनी के कांग्रेस में आने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कि वह कांग्रेस में नहीं आए हैं। इंडिया गठबंधन में आए, गठबंधन में बहुत पार्टियां हैं। ये गठबंधन बीजेपी की गलत नीतियों के खिलाफ है। लोकसभा की कांग्रेस लिस्ट पर उन्होंने कहा कि अभी वक्त है। होली के बाद हमारी समिति बैठेगी और विचार करेगी। बीजेपी के उम्मीदवार नहीं हैं, पूर्व सीएम को दिल्ली भेजने की तैयारी में है, राजनीति में बीजेपी इस वक्त काफी कन्फ्यूज हैं।

# पाल समाज ने किया राज्य मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत



**कमाल हुसैन**

**पानीपतः पाल समाज ने** कैलाश पाल के नेतृत्व मे अपने सैकड़ों साथियों के साथ हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महीपाल ढांडा व उनके बड़े भाई हरपाल ढांडा को उनके मंत्री बनने पर बुजुर्गों ने पगड़ी पहनाकर और युवाओं ने मिठाई खिला कर स्वागत किया व होली की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर पाल समाज से रणबीर पाल, मानसिंह, मेघराज, तेजपाल, प्रेम पाल, सुरेंद्र पाल, रमेश पाल, मुकेश पाल, मनोज पाल, पवन पाल, श्याम पाल, सरपंच मेहर सिंह, सोहन पाल, बृज पाल, जगदीश पंडवार, मा.सचिन पाल, अनिल पाल, अजय पाल, प्रदीप पाल, विक्की पाल, मोनू पाल आदि मौजूद रहे।

# पार्क में मिला बुजुर्ग का शव, मुंह और नाक से निकल रहा था खून

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कर्णताल** पार्क में एक बुजुर्ग का शव मिला है। शव मिलने की सूचना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद सिटी थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक की शिनाख्त करनाल के सदर बाजार निवासी 58 वर्षीय जानकी के रूप में हुई है। मृतक की नाक से खून भी बहता हुआ मिला है। हालांकि परिजन हत्या की शंका जाहिर कर रहे हैं। हत्या है या फिर मौत का कारण कुछ और है, इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मृतक जानकी के बेटे मुकेश ने बताया कि कर्णताल पार्क में शहर के लोग घूमने के लिए आते हैं। रविवार को कुछ लोग सैर सपाटा कर रहे थे, तभी उनकी नजर उसके पिता के शव पर पड़ी, जो काफी देर



से हिल-ढुल नहीं रहा था। लोगों ने जब उसके पिता को चेक किया तो वह मृत था। मुकेश ने कहा कि उनका पिता घर से कभी-कभी पार्क में आ जाते थे, लेकिन आज उनकी डेडबॉडी पार्क में मिली है। नाक से खून भी आ रहा है। किसी ने उनकी हत्या की है। बुजुर्ग मानसिक परेशान थे और कूड़ा बीनने का काम करते थे। कई बार समझाया भी गया था, लेकिन बुजुर्ग आदत से मजबूर थे। सिटी थाना के जांच अधिकारी गुरपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया।

# 'रंगों के बीच आपसी मतभेदों को भुलाकर नई शुरूआत करें'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सांसद संजय भाटिया** ने कहा है कि होली के रंगों के बीच हमारे आपसी मतभेद धुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें किसी न किसी रूप में खुशी को मनाना चाहिए। तनाव के दौर में हम जब हंसना और आपस में मिलना भूल गए हैं तो होली जैसे त्योहार हमें हंसना सिखा जाते हैं। वह रुतबा में भाटिया सेवा मंच द्वारा आयोजित होली परिवार मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाटिया समाज के स्तंभ तथा जाने माने उद्योगपति सेठ घनश्याम भाटिया तथा महेश भाटिया को सम्मानित किया गया। उन्हें बड़ा पुष्प हार पहनाकर भाटिया बिरादरी का कर्णधार घोषित किया। इस अवसर पर पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता, व्यापार मंडल के प्रधान कृष्ण लाल




तनेजा, लायंस क्लब के प्रधान विनोद खेत्रपाल, कपिल अत्रेजा, राकेश मदान, जोगिंदर मदान को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में होली के रंगों गुलाल के बीच आसमान से पिचकारी चलती दिखी। लोगों ने रिमझिम बारिश के बीच होली के रंगों में डूबकर होली बनाई। कार्यक्रम के सूत्रधार तथा भाटिया सेवा मंच के प्रधान वनीत भाटिया ने बताया कि संस्था द्वारा समाज को आगे ले जाना है। समाज को हर सुख-दुख में एकजुट रखना है। भाटिया बिरादरी के लगभग पांच सौ से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में डा. आकांक्षा भाटिया, सोनिया चौपड़ा, बरिंदर चौपड़ा, राजेश भाटिया, अशोक भाटिया, विजय भाटिया, केके भाटिया, नरेश भाटिया, विकास, दिनेश, संजय भाटिया, रघुनाथ भाटिया, अनिल, डा. प्रदीप भाटिया, कर्मचंद भाटिया, सुरेंद्र, हरीश, दिनेश, गुलशन, अलिप भाटिया, पुनीत और जगदीश भाटिया सहित भाटिया परिवार के लोग मौजूद रहे।

# करनाल में सीआइए वन की टीम का शराबियों पर शिकंजा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में** होली पर शराबियों की हुड़दंगबाजी रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार की देर रात हरकत में आई सीआइए वन की टीम ने सरेराह रात के अंधेरे में गार्ड?ों के अंदर बैठकर शराब पीने वाले लोगों को गिरफ्तार किया और उनसे उठक-बैठक लगवाई। शराबियों ने पुलिस की कार्रवाई का भी विरोध किया। पुलिस ने न सिर्फ इन शराबियों को समझायाए,बल्कि सख्ती भी दिखाई और सख्त लहजे में चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति बाहर गाड़ी में या रास्ते में शराब पीता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ एक्शन लिया



जाएगा। क्योंकि लोग गाडि?ों में बैठकर ड्रिंक करते हैं और फिर हादसों का शिकार हो जाते हैं और दूसरों के लिए भी हादसे का कारण बनते है। सीआइए वन टीम इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस कप्तान को लगातार गाडि?ों में बैठकर शराब पीने को लेकर शिकायत मिल रही थी। इसके बाद टीम द्वारा आज सेक्टर 12, सेक्टर 8, बस स्टैंड, रेलवे रोड, मुगल कैनाल सहित अन्य जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। सैकड़ों लोगों को गाडि?ों में शराब पीते हुए पकड़ा गया है। इसके बाद उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई लगतार जारी रहेगी। अनिल कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देश पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। होली के त्यौहार की आड़ में घर से बाहर गाडि?ों व रास्ते में बैठकर शराब पीने वालों के लिए एसपी ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। होली रंगों का त्यौहार है और हंसी खुशी का पर्व है, लेकिन लोग शराब पीते है और शराब पीकर गाडि?ां चलाते है और माहौल भी खराब करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से सख्त है, इसलिए सभी लोगों से अपील है कि अपने बच्चों को समझाए कि वे घर से बाहर निकलकर किसी तरह की हुड़दंगबाजी न करे और न ही शराब पीकर निकले। पुलिस दोषियों को नहीं बख्शेगी और मामला दर्ज करेगी। इसके अतिरिक्त किसी भी लडके ने बुलेट बाइक से पटाखे फोड़े तो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। ऐसे लोगों के मुकदमे भी दर्ज होंगे और चालान भी काटा जाएगा। उन्होंने अपील की कि खुशी खुशी होली मनाओ, घर में रहकर होली मनाओ और होली पर हुड़दंगबाजी बर्दाश्त नहीं होगी।

# किवाना पुस्तकालय में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित



**कमाल हुसैन**

**समालखाः शहीदी दिवस** पर पुस्तकालय किवाना में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम में गांव किवाना के सरपंच चेनपाल छोक्कर, गांधी आदर्श कॉलेज के प्रो.रोहतास, मा.राजेश आर्य, कुलदीप धीमान, मदनपाल छौक्कर, मा.आनंद के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं समिति द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई। समिति द्वारा परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सरपंच चेनपाल छौक्कर ने शहीदों को याद करते हुए सभी महानुभावों का स्वागत भी किया। मुख्य वक्ता मास्टर राजेश आर्य आट्टा ने भगत सिंह के जीवन पर आर्य समाज का प्रभाव विषय पर विचार प्रस्तुत किए। शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डा शीशपाल ने भगत सिंह के जीवन पर विस्ता से प्रकाश डाला। समिति के सचिव मा.दिनेश शास्त्री ने मंच संचालन किया। कंवर सिंह ने देशभक्ति रागनी, जयभगवान ने देशभक्ति गीत, प्राध्यापक कुलदीप धीमान ने विदेश में देश छोडकर जाने वाले युवाओं पर ईश्क गीत सुनाया। पुस्तकालय संयोजक प्राध्यापक जसबीर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, मदनपाल छोक्कर ने सभी मेहमानों को सम्मानित किया। सबसे छोटे विद्यार्थी अनू ने देशभक्ति नारे लगाए । कार्यक्रम में राजेश कानूनगो, रत्न सिंह, रिशीपाल, अंकित छौक्कर, गौरव शर्मा, गौतम, डा.अशोक, रविन्द्र, विनोद फौजी, धर्मपाल, हवासिंह, मनोज, कृष्ण धीमान, सूबे सिंह, वेदप्रकाश, सचिन, रणबीर, ईश्म सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# टीडीआई रॉयल एस्पेनिया मे होली महोत्सव मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः टीडीआई रॉयल** एस्पेनिया सेक्टर 19में होली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया , फूल,गुलाल से होली खेली तथा सभी गणमान्य हस्तियों एवम आयोजको ने जम कर नृत्य किया इस महोत्सव में श्री मोहन लाल बडोली विधायक राई,श्री राजीव जैन, कुलदीप नांगल चेयरमैन, बाबा अमित बिंदल,अशोक कौशिक (जिला अध्यक्ष आईएनएलडी) बिट्टू प्रधान (आईएनएलडी)शहर के मुख्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसका आयोजन अभियान जागरूकता मंच के अध्यक्ष मा. रविंद्र वत्स तथा



शिव युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर, सतेंद्र श्योराण, सुशील कुमार, आदेश वत्स,चांदराम,सुल्तान सिंह, राजेश, आंतिल राजेश कुमार ( डी पी), अश्वनी सूद, लखविंदर सिंह सग्गू, जगदीश आंतिल, सुखबीर खत्री, संजय शर्मा,संजय एडवोकेट ,घनश्याम, सुनील बधवार, नरेंद्र कुंडू ,बिजेंद्र , अश्वनी वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पानी की बर्बादी न करके सूखे रंगों से मनाएं होली का पर्वः सुषमा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इनरव्हील क्लब** ऑफ करनाल उदय द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिसेज यूनिवर्स मोनिका आनंद को आर्मंत्रित किया गया। इस दौरान इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय के सभी सदस्य उपस्थित रहे। चंदन का तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया गया। क्लब की प्रधान सुषमा वर्मा ने मिसेज यूनिवर्स मोनिका को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर क्लब सभी सदस्यों ने मिलकर मिसेज यूनिवर्स



मोनिका आनंद के साथ नाच गाकर होली का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। क्लब के सदस्यों ने फूलों के साथ होली खेली। सुषमा वर्मा ने कहा कि होली प्रेम, प्यार और भाईचारे का पर्व है। होली के अवसर पर हमें आपसी भेदभाव को भुलाकर प्रेम व भाईचारे के साथ पर्व को मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पानी व पर्यावरण के महत्व को समझते हुए होली पर पानी की बबार्दी न करें, सूखे रंगों से होली खेलने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर शोभा लाठर, नीना उप्पल, रिति तनेजा, अंकुर गोयल, विदानशी, मोनिका व कुसुम नंदा आदि उपस्थित रही।

**भव्य समारोह**

**इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

# एसडी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का रंगारंग समापन

## समुदायवाद और परस्पर मदद का भाव एनएसएस की आत्मा : दिनेश गोयल

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः एसडी पीजी** कॉलेज में सात दिवसीय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विशेष एनएसएस कैंप का विधिवत समापन हो गया। कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उप.प्रधान राजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल और प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागी एनएसएस कार्यकताओं को उनके उत्कृष्ठ कार्य और सेवा भाव के लिए सराहा और उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित किये । इस अवसर पर कॉलेज एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.संतोष कुमारी और प्रो.मनोज



कुमार उपस्थित रहे। वहीं होली की पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण का सन्देश देते हुए कॉलेज प्रधान और प्राचार्य से आशीर्वाद लेते हुए सूखे रंगों और फूलों से जमकर होली खेली। प्रधान दिनेश गोयल, उप.प्रधान राजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और प्राध्यापकों ने बच्चों को गुलाल लगाकर उनके प्रति अपने स्नेह का इजहार किया। संगीत की धुन पर छात्र.छात्राओं ने भी जमकर धमाल मचाया और ठुमके लगाए। दिनेश गोयल ने होली की बधाई देते हुए कहा कि एनएसएस कार्यकताओं को समाज के गरीब लोगों, भेदभाव की भावना, व्यसन की आदत, शारीरिक बीमारीयो, बेरोजगारी, शैक्षिक समस्याओं, अक्षमता तथा मानसिक बीमारीयों जैसी जीवन की कठिन चुनौतियों में दूसरों की मदद का जरिया बनना चाहिए। समुदायवाद और परस्पर मदद का भाव एनएसएस की आत्मा है।

**विधिवत**

**अक्षमता तथा मानसिक बीमारीयों जैसी जीवन की कठिन चुनौतियों में दूसरों की मदद का जरिया बनना चाहिए**

# परिश्रम करने से मन ना चुराएं विद्यार्थीः डॉ मनीषा

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः कमाल हुसैन** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज विषय पर गांव नंगालखेड़ी में लगाए जा रहे सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत योगाभ्यास से हुई। प्रातः कालीन सत्र में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पार्क, स्टोर रूम, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स व महाविद्यालय के आस-पास के क्षेत्रों में सफाई की। सभी विद्यार्थियों को 10 विभिन्न टीमों में बांटा गया और उन्होंने अलग.अलग जगह पर सफाई की। इसके साथ.साथ विद्यार्थियों में



आपसी सहयोग की भावना को उजागर करने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे रस्साकशी, क्रिकेट, बैडमिंटन इत्यादि करवाई गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.विवेक गुप्ता ने बताया कि सायंकालीन सत्र में विद्यार्थियों को लघु प्रेरक फिल्म 12वीं फेल दिखाई गई। डॉ. मनीषा डुडेजा ने कहा कि जिस तरह से आप सभी ने बारहवीं फ ेल फिल्म में मुख्य कलाकार को जी तोड़ मेहनत करते हुए देखा है वैसे ही आप सभी को भी मेहनत करनी चाहिए। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने प्रो.विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा सहित समस्त एनएसएस टीम को कैंप के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# केंद्र ने कर्नाटक सरकार को एक-एक पैसा समय पर दिया: सीतारमण

**जनधन**

**सीतारमण ने शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा कि बेंगलुरु में 14.68 लाख जनधन खाते खोले गए,**




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक को देय एक-एक पैसा राज्य सरकार को समय पर दिया है। वर्ष 2014 से 2024 तक कर हस्तांतरण में 258 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार के 10 वर्षों की तुलना में 3.5 गुणा अधिक है।

वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में बताया कि निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के बेंगलुरु में जेपी नगर स्थित आरवी डेंटल कॉलेज में आयोजित थिंकर्स फोरम को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि राज्य का हर बकाये पैसे का हिसाब-किताब किया गया है, उन्हें समय पर फंड जारी किया गया। वर्ष 2004 से 2014 के बीच कर्नाटक को प्रति वर्ष मिलने वाला पैसा 81,795 करोड़ रुपये था, जो साल 2014 से 2024 तक बढ़कर 2,93,226 करोड़ रुपये हो गया है।

सीतारमण ने बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा कि बेंगलुरु में 14.68 लाख जनधन खाते खोले गए, जबकि देशभर में 52 करोड़ खाते खोले गए हैं। भाजपा शासन के 10 साल में सहायता अनुदान बढ़कर 273 फीसदी हो गया है, जो पिछले 10 वर्षों की तुलना में 3.7 गुना अधिक है। सीतारमण का यह बयान ऐसे समय आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक दिन पहले कहा था कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर केंद्र को गंभीर सूखे की स्थिति से जूझ रहे राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत तुरंत अनुदान जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

# होली पर वोकल फॉर लोकल का असर, चीनी उत्पादों से मोह भंग

**खंडेलवाल ने कहा**

**एक सर्वेक्षण के मुताबिक दावा किया कि देश भर में 50,000 करोड़ का कारोबार हुआ है।**

**\नई दिल्ली /टीम एक्शन इंडिया**
सीएआईटी के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इस बार की होली खास है। इस अवसर पर देश भर में 50,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। अब लोगों का चीन के सामान से मोह भंग हो गया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (उअक्ळ) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि एक सर्वेक्षण के मुताबिक दावा किया कि देश भर में 50,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। उन्होंने कहा कि होली के मौके पर पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत का आह्वान और वोकल फॉर लोकल की अपील का असर दिखाई दिया है। देशभर के लोग स्वदेशी उत्पादों को ज्यादा महत्ता दे रहे हैं। प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि कहा कि होली के त्योहारी सीजन में कोई भी चीन का उत्पादन नहीं बेचा गया, जो खरीददारों और विक्रेताओं के विचारों में बदलाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देशभर में सोमवार को धूमधाम से होली मनाई जाएगी।



हमने एक सर्वेक्षण किया, जिससे हमे पता चला कि होली पर पांच हजार करोड़ रुपये का सिर्फ दिल्ली में ही कारोबार हुआ है और पूरे देश में पचास हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। खास बात है कि 'वोकल फॉर लोकल' का असर देखने को मिल रहा है।

एक साक्षात्कार में प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि गलवान घाटी की घटना के बाद से ही भारतीयों का चीन के उत्पादों से मोह भंग हुआ है।

लोगों ने उनके उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम हमें दिख रहा है। अब लोग स्वदेशी उत्पादों को ज्यादा महत्ता देते हैं। पहले जब ग्राहक दुकान में जाता था तो बोलता था कि सस्ता सामान दिखा यानि चीन का सामान। गलवान घाटी की घटना ने अब पूरा समीकरण ही बदल दिया है।

## चार अप्रैल को सभी शैक्षणिक संस्थानों में होगी मॉक ड्रिल

**धर्मशाला/टीम एक्शन इंडिया**
कांगड़ा जिला में आपदा प्रबंधन को लेकर सभी शैक्षणिक संस्थानों में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बेरवा ने बताया कि इस बाबत सभी उपमंडलाधिकारियों, शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा तथा प्रारंभिक शिक्षा को मॉक ड्रिल के आयोजन को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।
जिलाधीश ने बताया कि कांगड़ा जिला में चार अप्रैल 1905 को भूकंप के कारण 20 हजार लोगों ने जान गंवाई थी जबकि एक लाख से भी ज्यादा भवन क्षतिग्रस्त हुए थे इस तरह की आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है

# श्रीलंकाई सेंट्रल बैंक विवादित वेतन वृद्धि पर पुनर्विचार को सहमत

**समीक्षा**

**इस सिफारिश से पहले केंद्रीय समिति ने बैंक की कार्य प्रणाली की जांच और समीक्षा भी की थी।**

**नई दिल्ली /टीम एक्शन इंडिया**
बीते बुधवार को सार्वजनिक वित्त आयोग (सीओपीएफ) ने सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) को विवादास्पद भारी वेतन वृद्धि के कार्यान्वयन को रोकने की सिफारिश की। इस सिफारिश से पहले केंद्रीय समिति ने बैंक की कार्य प्रणाली की जांच और समीक्षा भी की थी।



अपने इतिहास के सबसे बुरे दिनों से गुजर रहे श्रीलंका में इन दिनों वहां के सेंट्रल बैंक द्वारा अपने कर्मियों की वेतन बढ़ोतरी का मुद्दा जोरों से विवादों में हैं। हाल ही में श्रीलंका की संसदीय समिति ने भी इसका संज्ञान लेते हुए इसकी समीक्षा करने को कहा था। वहीं, अब संसदीय समिति के हस्तक्षेप के बाद सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने विवादित वेतन वृद्धि को संशोधित करने पर अपनी सहमति जताई है। सार्वजनिक वित्त आयोग (सीओपीएफ) ने के हस्तक्षेप के बाद सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने एक बयान जारी किया है। इसमें उसने कहा कि स्थिति को देखते हुए सीबीएसएल के अधिकांश वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने वेतन में संशोधन पर विचार करने का सामूहिक निर्णय लिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि वह विंग में अनुभवी और पेशेवर कर्मचारियों को नियुक्त करता है। हाल ही में किया गया वेतन संशोधन अनुभवी कर्मचारियों को पूरी क्षमता से काम करने के लिए बनाए रखने के लिए किया गया था।
इससे पहले, बीते बुधवार को सार्वजनिक वित्त आयोग (सीओपीएफ) ने सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) को विवादास्पद भारी वेतन वृद्धि के कार्यान्वयन को रोकने की सिफारिश की। इस सिफारिश से पहले केंद्रीय समिति ने बैंक की कार्य प्रणाली की जांच और समीक्षा भी की थी।
अपनी सिफारिशों में समिति ने कहा था कि केंद्रीय बैंक को दी गई परिचालन स्वतंत्रता के बावजूद, सभी वित्त सरकारी नियंत्रण के अधीन हैं।
बता दें कि सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने वेतन वृद्धि का जो प्रस्ताव दिया था उसमें सेंट्रल बैंक स्टॉफ के सभी ग्रेड वाले कर्मियों के वेतन में 29 से 76 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि का प्रस्ताव दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।
इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।
अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.41 फीसदी की गिरावट के साथ 85.43 डॉलर प्रति बैरल पर टिका हुआ है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.44 डॉलर यानी 0.54 फीसदी लुढ़ककर 80.63 डॉलर प्रति बैरल पर है।

### ईडी अधिकारियों पर हमला मामले में सीबीआई ने एक और गिरफ्तारी की

**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**
सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में पांच जनवरी को ईडी और सीएपीएफ पर हुए हमले के एक और आरोपी सैफुद्दीन मोल्ला को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। संदेशखाली में एक स्थानीय किराने की दुकान के मालिक मोल्ला को तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां का करीबी माना जाता है। ईडी ने शाहजहां को हमले का मास्टरमाइंड बताया है।
सूत्रों ने कहा कि शाहजहां और अन्य आरोपितों से पूछताछ के बाद सीबीआई को पता चला कि सैफुद्दीन मोल्ला ने पांच जनवरी को ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमला करने वाली भीड़ को इकट्ठा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सीबीआई अधिकारियों को यह भी पता चला कि पांच जनवरी को सैफुद्दीन मोल्ला ने अपनी किराने की दुकान से नेटवर्किंग का काम किया था। सीबीआई और सीएपीएफ की एक टीम सेंट्रल एजेंसी की हिरासत में मौजूद दो अन्य आरोपितों को लेकर संदेशखाली पहुंची।
सूत्रों ने बताया कि दोनों आरोपितों की नजर सैफुद्दीन मोल्ला की किराना दुकान पर पड़ी। जब केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी दुकान पर पहुंचे तो आरोपित वहीं बैठा था। कुछ शुरूआती पूछताछ के बाद, सीबीआई अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लियाहालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर उसे गिरफ्तार नहीं दिखाया गया है, लेकिन सीबीआई अधिकारियों ने सेंट्रल कोलकाता में एजेंसी के निजाम पैलेस कार्यालय में आगे की पूछताछ के लिए उसे वापस कोलकाता ले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### क्रायोलोर के दूसरे चरण के संयंत्र ने तमिलनाडु में परिचालन शुरू किया

**चेन्नई/टीम एक्शन इंडिया**
क्रायोजेनिक उपकरण निमार्ता क्रायोलोर के दूसरे चरण के संयंत्र ने तमिलनाडु में परिचालन शुरू कर दिया है। भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ ने विनिर्माण सुविधा के विस्तारित हिस्से का उद्घाटन किया है। दूसरे चरण के विस्तार से कारखाने में क्रायोजेनिक तरलीकृत गैस टैंकों का उत्पादन बढ़ेगा। क्रायोलोर के एशिया-प्रशांत डिवीजन ने 2010 में पड़ोसी चेंगलपट्टू जिले के मदुरंतकम में स्थापित की गई उत्पादन इकाई का विस्तार किया है।
यह सुविधा क्रायोजेनिक तरलीकृत गैस टैंक बनाती है। यह इकाई प्रति वर्ष 400 टैंकों का उत्पादन करती है और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में बेचती है। क्रायोलोर की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि तमिलनाडु के संक्षिप्त दौरे पर आए फ्रांस के राजदूत माथौ ने शनिवार को दूसरे चरण के संयंत्र का उद्घाटन किया और इस अवसर शिलान्यास का अनावरण कियाविज्ञप्ति में कहा गया है कि राजदूत के साथ क्रायोलोर के वरिष्ठ अधिकारी और पुडुचेरी और चेन्नई में फ्रांस के महावाणिज्य दूत लिसे टैलबोट बर्रे भी थेकंपनी ने जुलाई 2021 में तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें 70 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया गया था और यह भी कहा गया था कि 90 पदों का सृजन तथा नियुक्ति भी की जाएगी जाएगा।

# भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों से आकर्षित हुई दुनिया, दिग्गजों ने भी माना लोहा



**नई दिल्ली /टीम एक्शन इंडिया**
विश्व आर्थिक मंच के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की प्रशंसा की है। उनका मानना है कि भारत के इस उत्साह ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है।
भारत ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अब दुनियाभर की प्रतिभाएं चाहती हैं कि वे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में सहयोग करें। इस उत्साह को देखते हुए सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन (सीफोरआईआर) ने भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कार्यक्रम लॉन्च किया है। यह कार्यक्रम भारत और बाकी देशों के बीच वैश्विक सहयोग बनाने के लिए शुरू किया गया है। यह बातें विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताई हैं।
सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन की कार्यकारी समिति के सदस्य सेबेस्टियन बकअप का कहना है कि भारत को छोटे और महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष देशों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। ये सभी देश अब भारत से सहयोग चाहते हैं। डब्ल्यूईएफ चाहता है कि भारत और उभरते अंतरिक्ष देशों के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई उद्यमी चाहते हैं कि वे भी भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश करें। इसकी वजह यह है कि भारत साझा बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है और अगर भारत यह काम करने में कामयाब रहा तो अंतरिक्ष क्षेत्र में नए आयाम गढ़ सकता है।
ह्यदिग्गज देशों की श्रेणी में आ गया है भारतह्ल
बकअप ने अपनी भारत यात्रा के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े कई लोगों के साथ मुलाकात की। इनमें इसरो के अधिकारी, अंतरिक्ष स्टार्ट-अप के प्रतिनिधि और बड़े दिग्गज शामिल थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दुनियाभर के लोग अभी भी भारत को एक उभरता हुआ अंतरिक्ष राष्ट्र बता रहे हैं। वास्तविकता यह है कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र के दिग्गज देशों की श्रेणी में आ गया है। दुनिया को यह समझना अब जरूरी हो गया है कि वास्तव में भारत ने क्या हासिल किया है।
सेबेस्टियन बकअप ने आगे कहा कि हम भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में भी बहुत अधिक गति देख रहे हैं। हम पूरे भारत में काम करना चाहते हैं और इस उत्साह का लाभ उठाना चाहते हैं।

## कछार में भारी मात्रा में ब्राउन शुगर जब्त

**गुवाहाटी/टीम एक्शन इंडिया**
ड्रग्स के खिलाफ कछार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर धलाई पुलिस ने छापा मारकर रविवार को भारी मात्रा में ब्राउन शुगर जब्त की। पुलिस ने मिजोरम सीमा पर स्थित कर्कट झुग्गी बस्ती में छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया।
पुलिस ने तलाशी के दौरान ब्राउन शुगर के 22 पैकेट जब्त किए। पैकेटों से कुल 270 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। जब्त हेरोइन की कीमत कई लाख रुपये आंकी गई है।
पुलिस ने ब्राउन शुगर की आपूर्ति के आरोप में ड्रग्स तस्कर रामफांग लियान मार को गिरफ्तार कर लिया।

# अंतरराष्ट्रीय हुआ अमूल, अमेरिकी बाजार में लॉन्च किया दूध, जल्द ही कई उत्पाद पेश करने की तैयारी

**लॉन्च**

**अमेरिका में भी अमूल ने एक और आधा गैलन पैक में ताजा दूध की अपनी शृंखला लॉन्च की है,**

**गुजरात** /टीम एक्शन इंडिया
अमूल का संचालन करने वाले गुजरात सहकारी दूध विपणन महासंघ ने कहा कि भारत की तरह अमेरिका में भी अमूल ने एक और आधा गैलन पैक में ताजा दूध की अपनी शृंखला लॉन्च की है, जिसमें अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति, अमूल ताजा और अमूल स्लिम एन ट्रिम शामिल है।




अपनी टैगलाइन ह्यटेस्ट ऑफ इंडियाह्ल के लिए मशहूर प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड अमूल ने पहली बार अमेरिकी बाजार में अपने ताजा उत्पाद दूध को लॉन्च कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई शुरूआत कर दी है। इसके लिए अमूल ने अमेरिका में 108 साल पुरानी डेयरी सहकारी संस्था मिशिगन मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के साथ साझेदारी की है। अमूल का संचालन करने वाले गुजरात सहकारी दूध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा कि भारत की तरह अमेरिका में भी अमूल ने एक और आधा गैलन पैक में ताजा दूध की अपनी शृंखला लॉन्च की है, जिसमें अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति, अमूल ताजा और अमूल स्लिम एन ट्रिम शामिल है। यह अमेरिका के पूर्वी तट और मध्य-पश्चिमी बाजारों में प्रमुख भारतीय किराना स्टोरों पर उपलब्ध होगा।

# नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की निगाहें भारत पर टिकीं

**इस्लामाबाद** /टीम एक्शन इंडिया
नकदी संकट और आतंकवाद से जूझ रहे पाकिस्तान की निगाहें भारत पर हैं। भारत के साथ व्यापार संबंधों को बहाल करने पर गंभीरता से विचार हो रहा है।
एक तरफ आतंकवाद से लड़ाई और दूसरी तरफ गंभीर नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की हालत कुछ ठीक नहीं है। ऐसे में पड़ोसी देश ने भारत के साथ व्यापार संबंधों को बढ़ाने की बात कही है। विदेश मंत्री इशाक डार के बयान से संकेत मिल रहा है कि पाकिस्तान अब भारत के प्रति राजनयिक रुख में बदलाव चाहता है।
पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने क्या कहा?
पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार का कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अगस्त 2019 से व्यापार संबंध रुके हुए हैं। डार ने कहा कि इन संबंधों को बहाल करने पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। डार ने ब्रुसेल्स में परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लिया और इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बातें बताई। उन्होंने भारत के साथ व्यापार गतिविधियों को शुरू करने पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कारोबारी भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करना चाहते हैं। डार के अनुसार पाकिस्तान भारत के साथ व्यापार संबंध बहाल करने पर गंभीरता से विचार करेगा।
राजनयिक रुख में बदलाव का संकेत
जिस तरह से इशाक डार ने भारत के साथ व्यापार संबंधों को बहाल करने पर टिप्पणी की, उससे साफ है कि पाकिस्तान भारत के प्रति राजनयिक रुख में बदलाव का संकेत दे रहा है। दरअसल भारत सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया। उधर जम्मू-कश्मीर पर भारत पहले ही अपना रुख साफ कर चुका है। भारत कह चुका है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से थे।
पीएम मोदी ने दी थी शहबाज शरीफ को बधाई
हाल ही में, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी थी। शरीफ ने भी एक्स पर अपनी पोस्ट में पीएम मोदी को धन्यवाद कहा था। शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार आठ फरवरी के चुनावों के बाद सत्ता में आई। अपने कार्यकाल के शुरूआत में ही शहबाज शरीफ के सामने गिरती अर्थव्यवस्था एक बड़ी चुनौती है।

# आईसीएआई एक जुलाई को जारी करेगा विजन डॉक्यूमेंट 2049

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**
इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने अपने गठन के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए 21 और 22 मार्च को जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दो दिवसीय बैठक आयोजित की। बैठक में आईसीएआई के पूर्व प्रेसिडेंट और सेंट्रल काउंसिल सदस्यों ने 'विकसित भारत 2047' में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में चर्चा की। साथ ही पेशे के लिए अगले 25 वर्षों के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की, जब आईसीएआई अपने शताब्दी वर्ष के करीब पहुंच जाएगा।




आईसीएआई एक 'विजन डॉक्यूमेंट 2049' लेकर आएगा जो विद्यार्थियों और सदस्यों के विकास, नियामक और रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करने, एआई जैसी नए युग की तकनीकी प्रगति को अपनाने और विकास में सीए के योगदान, देश में सस्टेनेबल इको सिस्टम को बढ़ावा देना, अकाउंटिंग, एश्योरेंस, टैक्सेशन, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और बिजनेस सलाहकार सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान अध्ययनों को मजबूत करना जैसे विभिन्न पहलुओं पर गहनता से ध्यान केंद्रित करेगा। सभी का उद्देश्य देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए रणजीत कुमार अग्रवाल के साथ आईसीएआई के वाइस प्रेसिडेंट सीए चरणजोत सिंह नंदा ने जयपुर में मीडिया से बातचीत की और बैठक की पमुख बातें साझा कीं।
आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए रणजीत कुमार अग्रवाल ने कहा कि हम आईसीएआई के भविष्य को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि हम 75 साल की उत्कृष्टता का जश्न मना रहे हैं और अपने शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक पडाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हमारी रणनीतिक बैठक 'विकसित भारत 2047 और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका' पर केंद्रित थी, जो भारत के वित्तीय परिदृश्य को आकार देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। प्रौद्योगिकी, कौशल-निर्माण और टिकाऊ प्रथाओं पर मजबूत फोकस के साथ आईसीएआई निरंतर विकास और नवाचार के लिए तैयार है। हमारा आगामी विजन डॉक्यूमेंट 2049 हमारे सदस्यों को सशक्त बनाने और एक हरित, अधिक टिकाऊ वित्तीय क्षेत्र में योगदान करने के लिए अगले 25 वर्षों का मार्ग प्रशस्त करेगा। विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक्सीलेंस सेंटरों के हमारे विस्तारित नेटवर्क में झलकती है जो सीए की अगली पीढ़ी को आवश्यक प्रौद्योगिकी और कौशल से लैस करेगी।

# केंद्र ने प्याज के निर्यात पर जारी प्रतिबंध अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
त्योहारी सीजन में केंद्र सरकार ने प्याज की कीमत को काबू में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है। प्याज के निर्यात पर दिसंबर में लगाया गया प्रतिबंध 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था।
विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा है कि प्याज के निर्यात पर लागू मौजूदा प्रतिबंध अगली सूचना तक जारी रहेगा। सरकार ने प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए दिसंबर में प्रतिबंध लगाया था, जो 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था। लोकसभा चुनाव से भारत सरकार के इस कदम से विदेशी बाजारों में प्याज की कीमतों में इजाफा हो सकता है।



उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर 2023 के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 यूएस डॉलर) प्रति क्विंटल हो गई हैं।
हालांकि, देश के अधिकांश राज्यों में प्याज का मौजूदा खुदरा भाव 30 रुपये प्रति किलोग्राम है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 25 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653













